## संक्षिप्त

### पुलिस बूथ के पास छुरी दिखाकर महिला के साथ लूटपाट

**नई दिल्ली, लोकसत्य।** पुलिस बूथ के पास ही महिला को छुरी दिखाकर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। मामला सीलमपुर इलाके का है, जहां आरोपी महिला से चार सोने की अंगूठी के अलावा उनका पर्स लूट लिया।, जिसमें 30 हजार रुपये थे। पुलिस ने पीड़िता शाहीन परवीन राणा के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शाहीन परिवार के साथ जाफराबाद इलाके में रहती हैं। रात के समय वह धर्मशिला अस्पताल से स्कूटी पर अपने भाई के साथ सीलमपुर रेड लाइट पर पहुंची थीं। बेटा स्कूटी पर वहां लेने आया था। भाई चला गया, बेटे की स्कूटी खराब हो गई। इस पर वह घर जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठ गईं। चालक के पास एक आदमी और आकर बैठ गया। कुछ दूर चलने के बाद ही उस आदमी ने पुलिस बूथ के पास ई-रिक्शा रुकवाया और महिला को छुरी दिखाकर उनकी जूलरी और पर्स लूट लिया। इसके बाद आरोपी रिक्शे से उतरकर फरार हो गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### बदमाशों ने नाबालिग पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला



**नई दिल्ली, लोकसत्य।** लूट का विरोध करने पर दो बदमाशों ने एक नाबालिग पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मामला न्यू उस्मानपुर इलाके का है जहां सिर, माथे, कंधे व सीने में चाकू लगने से नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल निशांत शर्मा को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक निशांत शर्मा परिवार के साथ गामड़ी इलाके में रहता है और 12वीं कक्षा का छात्र है। शाम के समय वह अपने चचेरे भाई सचित व उमाकांत के साथ सिग्नेचर ब्रिज पर घूमने के लिए गया था। वहां से लौटते समय न्यू उस्मानपुर में पुश्ता रोड कट के पास पहुंचा। तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसे मोबाइल फोन मांगने लगे। उसने देने से मना किया और छीनने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया। उसके सिर, माथे, कंधे व छाती पर चाकू मारा। निशांत लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।

# एनडीएमसी के उपाध्यक्ष ने उपराज्यपाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली, लोकसत्य**



नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और पुष्प गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें बधाई दी। बैठक के दौरान उपाध्याय ने आगामी जी20 शिखर सम्मेलन एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों पर चर्चा की जो अगले वर्ष दिल्ली में आयोजित किए जाएगे।

उन्होंने कहा कि एनडीएमसी की टीम जी20 शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए नई दिल्ली क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के लिए इस संबंध में विकास परियोजनाओं को गति देने की योजना तैयार कर रही है।

इसके अलावा हनुमान मंदिर परिसर और कनॉट प्लेस में मैकेनाइज्ड स्वीपिंग की परियोजना जिसे परिषद द्वारा नई दिल्ली क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने और धूल और प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से अनुमोदित किया गया है, पालिका हाउसिंग कॉम्प्लेक्स का पुनर्विकास, सफदरजंग फ्लाईओवर का सौंदर्यीकरण, हैप्पीनेस क्षेत्रों का विकास आदि विषयों पर भी चर्चा हुई। उपाध्याय ने दिल्ली के नागरिकों के हितों में सबसे आगे रहकर काम करने के उत्साह के लिए उपराज्यपाल-दिल्ली की सराहना की।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने पुरस्कार वितरित किये

**समीक्षा**

- महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की
- सामग्री प्रबंधन एवं स्क्रेप के निपटान पर बल दिया
- संरक्षा, माल लदान और समय पालनबद्धता में सुधार की भी हिदायत दी

**नई दिल्ली, लोकसत्य**



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने मंगलवार को प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधकों के साथ वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा भी की। बैठक में संरक्षा, दरारें और ज्वाइंट वैल्डिंग व बाहरी लोगों द्वारा सिग्नल केबल काटने के मामलों, रेलगाड़ियों की गतिसीमा बढ़ाने के प्रयास, सामग्री प्रबंधन, स्क्रैप के निपटान जैसे मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। महाप्रबंधक ने रेलपथों, ज्वाइंटों के वैल्ड और सिग्नलिंग प्रणाली और रेलगाड़ियों के निर्बाध परिचालन के लिए चल स्टॉक परिसंपत्तियों के अनुरक्षण पर ध्यान केंन्द्रित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन कर्मचारी रेलवे की आंखें और कान हैं। उनके आवधिक प्रशिक्षण और गैजेटों के उपयोग के संबंध में उन्हें जागरूक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने रेलगाड़ियों की गतिसीमा बढ़ाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के प्रयासों का जायजा लिया। बैठक में रेल फाटकों, टर्न आउटों, दोहरीकरण, विद्युतीकरण, रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिजों के निर्माण के दौरान रेल ढांचों को बदलने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने मरम्मत योग्य आवश्यक वस्तुओं के पर्याप्त स्टॉक को बनाए रखने और स्क्रैप के समयबद्ध निपटान के लिए परामर्श दिया। विभिन्न विभागों के कार्य निष्पादन पर संतोष व्यक्त करते हुए श्री गंगल ने कहा कि ज़ोन में किसी भी रेल दुर्घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। हमारी समयपालनबद्धता बेहतर है और उन इंजीनियरिंग कार्यों को पूरा करने के प्रयास किये जा रहे हैं, जो समयबद्ध रेल सेवाओं के समय पर पहुंचने में बाधा उत्परन्न करते हैं।

## अस्पताल के ही सफाई कर्मचारी से कराया गया उद्घाटन

**नई दिल्ली, लोकसत्य**

गुरु तेग बहादुर अस्पताल, दिलशाद गार्डेन मे मरीजों और परिजनों की सुविधा के लिए 24 घंटे हेल्प डेस्क कोऑर्डिनेशन रूम का उद्घाटन किया गया है। उद्घाटन अस्पताल के ही सफाई कर्मचारी चंद्रपाल और प्रेमलता के द्वारा हुआ।

अस्पताल के चिकित्सा निदेशक प्रो. (डॉ.) सुभाष गिरी तथा अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद थे। इस अवसर पर सुभाष गिरी ने संबोधित करते हुये बताया कि गुरु तेग बहादुर अस्पताल मे रोजाना ओपीडी में करीब 5000-7000 मरीज तथा इमरजेंसी मे 1000 मरीज पूर्वी दिल्ली तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आते हैं। जानकारी के अभाव में मरीज-परिजनों को पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखवाने तथा जांच करवाने के लिये परेशान होना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए आनेवाले मरीजों को 24 घन्टे इस नम्बर पर-8595948014 पूछताछ कर सकते हैं तथा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली।** तेज रफ्तार वाहन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। घायल बुजुर्ग भंवर सिंह पाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामला नंद नगरी इलाके का है जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक भंवर सिंह पाल परिवार के साथ हर्ष विहार इलाके में रहते थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हबीब पुत्र हनीफ पता गांवः बुटराडा, थानाः बाबरी, जिलाः शामली, उत्तर प्रदेश ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 09/2022 धारा 20/25 एनडीपीएस एक्ट के तहत** थानाः आर्दश नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हबीब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हबीब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 09/2022 धारा 20/25 एनडीपीएस एक्ट के तहत थानाः आर्दश नगर, दिल्ली के उक्त हबीब** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2022** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री गगनदीप सिंह**
**स्पेशल जज (एनडीपीएस)**
**नार्थ कोर्ट नं.207,**
**जिला कोर्ट रोहिणी, दिल्ली**

DP/1473/NW/2022


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईपीडी/डब्ल्यू/कॉन/स्ट्रिपिंग एंड क्लीनिंग/04/22-23, दिनांक 02.06.2022;** उप मुख्य विद्युत अभियंता (पीएंडडी), पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा द्वारा पूर्व रेलवे, कांचारापाड़ा वर्कशॉप में नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रमाणित अनुभवी ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईपीडी/डब्ल्यू/कॉन/स्ट्रिपिंग एंड क्लीनिंग/04/22-23, कार्य का नामः** ट्रैक्शन अर्मेचर की अर्मेचर स्ट्रिपिंग, कोर क्लीनिंग, अर्मेचर क्लीनिंग तथा कम्प्युटेटर क्लीनिंग। **मात्राः** हिटाचीः 120 अदद, ईएमयूः 880 अदद। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 24,99,898; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्यालय का पता जहां से ई-निविदा जारी की गई हैः** उप मुख्य विद्युत अभियंता का कार्यालय/परिकल्पना एवं विकास, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, पिन-743145। **ई-पेमेंट गेट वे अथवा बैंक गारंटी बांड के जरिए जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा रकमः** रु. 50,000; **कार्य समापन अवधिः** 24 (चौबीस) महीने। **बोली जमा शुरू होने की तारीखः** 13.06.2022 से; **बोली जमा करने की अंतिम तारीखः** 27.06.2022 को अपराह्न 02.45 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा दिनांक 27.06.2022 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण तथा सूचना पट्ट का स्थान जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण देखा जा सकता है http://www.ireps.gov.in।** **MISC-54/2022-23**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

Eastern Railway Headquarter

**गुमशुदा की तलाश**



रोहन वावरे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की यह आदमी जिसका नाम **रोहन वावरे**, पुत्र रमेश कुमार, पता– फ्लैट नंबर 97, पॉकेट 5, सेक्टर 2, रोहिणी, दिल्ली। उक्त आदमी 27.05.2022 से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 116ए, दिनांक 27.05.2022** को **पुलिस थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली,** में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापत आदमी की तलाश की गयी, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता आदमी का विवरण इस प्रकार है :

**नाम** : रोहन वावरे, **लिंग** : पुरुष, **उम्र** : 20 वर्ष, **कद** : 5'8'', **रंग** : गेहुँआ, **चेहरा** : लंबा (दाढ़ी के साथ), **बाल** : काले, **पहनावा** : काली शर्ट, ग्रे लोअर और काले जूते ।

इस गुमशुदा आदमी के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

**ई–मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली
फोन न.: **011-27510515, 27514282**

**DP/1534/RD/2022**

## पूर्वी जिला समाज कल्याण कार्यालय गीता कॉलोनी का निरीक्षण किया



**नई दिल्ली, लोकसत्य**

केजरीवाल सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने मंगलवार को समाज कल्याण पूर्वी दिल्ली जिला कार्यालय गीता कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान दिल्लीवालों को समाज कल्याण ऑफिस में मिल रही सुविधाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही केजरीवाल सरकार की ओर से दिल्ली के नागरिकों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया।

गौतम ने बताया कि कार्यालय में कर्मचारियों के साथ बैठक कर वहां मौजूद लोगों को मिल रही सुविधाओं के बारे में चर्चा की। इसके अलावा लंबित पड़े मामलों को तुरंत दुरुस्त करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। आगे गौतम ने कहा कि केजरीवाल सरकार का मकसद है कि जनता तक सुविधाएं बेहतर और सुगम तरीके से पहुंचे, ताकि जनता की सेवा में कोई समस्या ना आए। कार्यालयों में आए आवेदकों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि ऑफिस में बैठने की व्यवस्था, कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार बहुत अच्छा है।

## वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मध्य क्षेत्र ने डॉन बॉस्को टेक्निकल संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस एवं आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेगा वेस्ट टू आर्ट वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली नगर निगम ने आईईआईएसएल, डीडीएसआईएल व आईईसी के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र के उपायुक्त दानिश अशरफ व संस्थान के निदेशक सहित मध्य क्षेत्र के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस मौके पर निगम विद्यालयों और डॉन बॉस्को टेक्निकल संस्थान के छात्रों एवं ललित कला अकादमी के कलाकारों को उनके द्वारा कबाड़ से बनाई।

बंद करो कोरोना, मास्क पहनें / शारीरिक दूरी का पालन करें, हाथ की स्वच्छता बनाए रखें

**दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार**

कार्यालय अपर मुख्य अभियंता (पी)-3, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, ओखला मथुरा रोड, नई दिल्ली 110025

**प्रेस एनआईटी संख्याः 06(2022-23)**

| मद संख्या | कार्यों का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | रिलीज की तारीख में निविदा का ई-खरीद समाधान | अंतिम तिथि / समय के माध्यम से निविदा समाधान ई की प्राप्ति ई-खरीद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रीकास्ट आर.सी.सी. का निर्माण ओखला एस.टी.पी में जौहरी फार्म के पास दीवार (को आमंत्रित कर रहे हैं)। 2022_डीजेबी_ 223787_ 1 | 49,12,426/- | 06/06/2022 | 20-06-2022 Up to 3:00 PM |

इस विशेष विवरण को विस्तार से देख सकते हैं **https://govtprocurement.delhi.gov.in**।
P.R.O (जल) द्वारा जारी Advt. N0. JSV 172(2022-23)

**नरेंद्र सिंह**
**कार्यकारी अभियंता (सिविल) संयंत्र**
**एसडीडब्ल्यू एस/ई**

## प्रदर्शनी में पुस्तक का विमोचन




भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद ने ललित कला अकादमी के साथ मिलकर नई दिल्ली व कोलकाता में 'रोकेया सुल्ताना' नाम से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में ढाका यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर मिस रोकेया सुल्ताना की पुस्तक का विमोचन भी केंद्रीय सांस्कृतिक राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने किया। इस मौके पर मीनाक्षी लेखी ने कहा कि बांग्लादेश हमारा अभिन्न सहयोगी देश है। इस तरह के आयोजनों से दोनों देशो के रिश्तों को और मजबूती मिलती है। लोकसत्य

# उपराज्यपाल के पास दिल्ली के विकास कार्यों के निरीक्षण का अधिकार: बिधूड़ी

**नई दिल्ली, लोकसत्य**



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) नेता उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को दिल्ली के विकास कार्यो का निरीक्षण करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

बिधूड़ी ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि उपराज्यपाल एक गार्जियन की तरह दिल्ली की देखभाल करना चाहते हैं लेकिन आप नेताओं को यह बात पसंद नहीं आ रही है। बिधूड़ी ने कहा कि जबसे एलजी ने दिल्ली के विकास कार्यों का निरीक्षण शुरु किया है तभी से आप नेताओं ने एलजी का विरोध करना शुरु कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आप नेताओं को ओछी बयानबाजी से बचना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों एलजी विनय कुमार ने 57 किलोमीटर लंबे नजफगढ़ नाले का निरीक्षण किया था। हरियाणा की सीमा छावला और ढांसा से शुरू होने वाले नाले का एलजी ने वजीराबाद तक यात्रा की। इसको लेकर आप नेताओं ने अपने बयान में कहा कि एलजी दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र का हनन कर रहे हैं।

## जोनल उपायुक्तों और विभागाध्यक्षों ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** नवगठित एकीकृत दिल्ली नगर निगम ने अपनी कार्य व्यवस्था को सुचारु व सुव्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त आयुक्तों, 12 जोन के उपायुक्तों, विभागाध्यक्षों की नियुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया है। सभी निगम वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यभार संभाला लिया है और अपना विभागीय कार्य शुरू कर दिया है। निगम के अनुसार तीनों नगर निगमों के एकीकरण के उपरांत पूर्वकालिक दक्षिणी निगम के केन्द्रीय संस्थापना विभाग को नियुक्ति से संबंधित कार्यों के लिए नोडल विभाग बनाया गया।

**पहचान की अपील**



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अज्ञात, पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात,** आयु लगभग 40/45 वर्ष, कद 5"7', रंग सांवला, पहचान के लिए दाएं हाथ पर जय माता दी टैटू का निशान बना है, जो लाल रंग की शर्ट तथा काले रंग की पैंट पहने हुए दिनांक 24.05.2022 को आजादपुर गोल चक्कर पार्क के नज़दीक, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी नं. 86–ए दिनांक 24.05.2022 थाना आदर्श नगर उत्तर–पश्चिम, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थानाः आदर्श नगर उत्तर–पश्चिम, दिल्ली**
**फोनः 011–27674452, 9968072335**

DP/1482/NW/2022

**DIRECTORATE OF INFORMATION & PUBLICITY GOVT. OF NCT OF DELHI**

Block IX, Old Secretariat, Delhi-110054
Tel No. 011-23814616, e-mail: dirip@nic.in

F.No. 16(125)/advt/DIP/PR Agency/2022-23 Date:-

**TENDER NOTICE**

INVITING FOR "ENGAGEMENT OF AN AGENCY FOR PUBLIC RELATION ACTIVITIES FOR GOVT. OF NCT OF DELHI"

Online Tender is invited through RFP to be downloaded from website: https://govtprocurement.delhi.gov.in OR http://publicity.delhigovt.nic.in

**SCHEDULE OF TENDER**

| S.No. | Event Description | Date and Time |
|---|---|---|
| 1 | Date of Uploading of RFP at e-Tender portal | 07.06.2022 |
| 2 | Pre-Bid Meeting | 13.06.2022 at 2:30pm |
| 3 | Last date receipt of pre-bid queries | 15.06.2022 |
| 4 | Date for publication of response to the queries raised during pre-bid meeting | 17.06.2022 |
| 5 | Start date of Bid submission | 18.06.2022 |
| 6 | Last date of submission of Bids | 28.06.2022 till 5:00pm |
| 7 | Last date of Submission of EMD | 28.06.2022 till 5:00pm |
| 8 | Opening of Technical Bids | 29.06.2022 at 11:00 am |
| 9 | Opening of Financial Bids | Tentative |

The detail of RFP along with terms and conditions etc. is available on the department website http://publicity.delhigovt.nic.in, can be downloaded there from.
The Pre-bid meeting is scheduled on 13.06.2022 at 2:30 PM in Media Hut, DIP.

This issue with the prior approval of Competent Authority.

**Sd/-**
**Director, DIP**

**DIP/Shabdarth/0129/22-23**

लोकसत्य मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक व मुद्रक राहुल शर्मा 'सरस' द्वारा 27-A, साउथ गणेश नगर दिल्ली से प्रकाशित एवं लोकसत्य मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, 7/7 साइट-IV, औद्योगिक क्षेत्र, साहिबाबाद, गाजियाबाद, (यूपी) से मुद्रित। **संपादक : राहुल शर्मा 'सरस'** [ आरएनआई **DELHIN/2010/35009**] (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।) मार्केटिंग आफिस : 20/2/9, साइट-IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद, (यूपी) फोन नं : 0120-4540962

# हाईवे पर रोडवेज बस में लगी आग

## चालक की सतर्कता से बची सवारियों की जान, एक घंटे बाधित रहा यातायात



**फिरोजाबाद, लोकसत्य**

फिरोजाबाद के उत्तर थाना क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब आगरा से बेवर जा रही रोडवेज की बस में आग लग गई। चालक की सतर्कता दिखाते हुए तुरंत बस को रोक दिया, जिससे बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित उतर गए। कुछ ही देर में आग की लपटों ने पूरी बस को चपेट में ले लिया।

**यहां पर हुआ हादसा:** इटावा-फिरोजाबाद हाईवे पर बोधाश्रम चौराहे के निकट चलती रोडवेज बस में डीजल का टैंक टूटने के बाद आग लग गई। हादसा मंगलवार दोपहर सवा दो बजे हुआ। हादसे के वक्त बस में बैठे 35 यात्रियों ने दरवाजे और खिड़की से कूदकर जान बचाई। सूचना के 50 मिनट बाद दमकल टीम पहुंची तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। आग के कारण हाईवे पर एक ओर का यातायात करीब एक घंटे बाधित रहा।

**टैंक से निकली चिंगारी से लगी आग:** बताया गया है कि बेबर डिपो की बस संख्या यूपी-84 टी-7170 बस को चालक विपेंद्र कुमार और परिचालक संजीव शर्मा आगरा से बेवर के लिए निकले थे। सवा दो बजे करीब सुभाष तिराहा पारकर बस बोधाश्रम चौराहा के पास फिरोजाबाद - इटावा हाईवे मार्ग पर पहुंची। इसी बीच बस का डीजल टैंट टूटकर सड़क पर गिर गया। यह सौ मीटर दूर तक सड़क पर रगड़ता रहा। इसी बीच डीजल टैंक से निकली चिंगारी से बस में आग लग गई।

चालक ने साइड के शीशे से जैसे ही डीजल टैंक के पास से आग की लपटें उठती देखीं तो उसने बस को हाईवे पर रोकने के साथ ही यात्रियों को अलर्ट कर उतर जाने को कहा। आनन-फानन में यात्रियों ने खिड़की और दरवाजे से कूदकर जान बचाई।

### 50 मिनट बाद पहुंची फायर विभाग की टीम

चालक विपेंद्र का कहना था कि उसने फायर विभाग को घटना के तत्काल बाद आग की सूचना दी थी। करीब 50 मिनट बाद फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इससे पहले नगर निगम की गाड़ियां आग बुझाने के लिए आ गईं थीं। 50 मिनट बाद फायर विभाग की गाड़ी जब मौके पर पहुंची तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी। गनीमत रही कि यात्रियों को बस से उतारने का मौका मिल गया। सूचना पर एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्र,कोतवाल रसूलपुर कमलेश सिंह, कोतवाल दक्षिण बैजनाथ सिंह भी मौके पर पहुंचे।

# हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका, शिवलिंग या फव्वारा



**जांच**

- ज्ञानवापी विवाद: जांच के लिए आयोग का गठन करें

**लखनऊ, लोकसत्य**

ज्ञानवापी मस्जिद में पाया गया स्ट्रक्चर शिवलिंग है या फव्वारा, की जांच के लिए एक आयोग या समिति का गठन किया जाए।

इस मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल की गई है। ज्ञानवापी विवाद में पाए गए स्ट्रक्चर को हिंदू पक्ष शिवलिंग तो मुस्लिम पक्ष फव्वारा बता रहा है। हिंदू पक्ष इसे शिवलिंग बताकर लगातार पूजा करने की अनुमति देने की मांग कर रहा है। इस संबंध में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की मांग पर अदालत में सुनवाई हुई। जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया है।

बीते माह एडवोकेट कमीशन की कार्रवाई के दौरान ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग आदि विश्वेश्वर के राग-भोग के साथ ही पूजा और अर्चना करने की इजाजत देने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के प्रार्थना पत्र पर वाराणसी जिला जज ने सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया।

**संक्षिप्त**

## इलाहाबाद विवि की कुलपति के नाम से फर्जीवाड़ा

**प्रयागराज, लोकसत्य।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर संगीता श्रीवास्तव के नाम से फर्जीवाड़ा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उनके नाम से एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया और फिर उनके परिचितों से रुपए मांगे जा रहे हैं। इस मामले की जानकारी विश्वविद्यालय के अफसरों को हुई तो हड़कंप मच गया। फिलहाल की चीफ प्रॉक्टर की ओर से इस मामले में कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि कुलपति के नाम से एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया है। इस अकाउंट पर डीपी में उनकी तस्वीर भी लगाई गई है। साथ ही अकाउंट पर व्हाट्सएप पेमेंट सुविधा को भी एक्टिवेट किया गया है।

## देवरिया में तीन किशोरों की तालाब में डूबने से मृत्यु

**देवरिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के भलुअनी क्षेत्र में मंगलवार को तालाब में स्नान करने गये तीन किशोरों की डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के सुरौली गांव निवासी पियूष (11),प्रवीण विश्वकर्मा (10) और दीन दयाल बरनवाल (13) गर्मी से निजात पाने के लिये गांव के समीप पैकौली गांव स्थित पवहारी महराज की कुटी में तालाब में स्नान करने के लिये गये थे। उन्होने बताया कि इनमें से एक स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने लगा। उसको बचाने गये दो साथी भी गहरे पानी में जाकर डूब गये। कुछ देर बाद तीनों किशोरों शव तालाब में उतराया हुआ मिला।

## चीनी मिलों में हुई 1868 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई

**सहारनपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मंडल में समाप्त हुए गन्ना पेराई सत्र में 17 चीनी मिलों ने इस बार 1868 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की है। उप गन्ना आयुक्त डा. दिनेश्वर मिश्र ने मंगलवार को बताया कि देवबंद चीनी मिल का सीजन 193 दिन चला और 31 मई को पेराई सत्र समाप्त हो गया। देवबंद में 165.28 लाख क्विंटल गन्ना पेराई की और किसानों को शत-प्रतिशत, 57,496.90 लाख रूपये का भुगतान किया गया। डा. मिश्र ने बताया कि मंडल में सबसे ज्यादा 221.97 क्विंटल गन्ना पेराई खतौली चीनी मिल ने की। टिकौला मिल में 165.77 लाख क्विंटल, तितावी मिल में 158.72 लाख क्विंटल और मंसूरपुर मिल में 143.44 लाख क्विंटल गन्ना पेराई हुई। इसके अलावा रोहाना मिल में सबसे कम 36.54 लाख क्विंटल गन्ना पेराई हुई। डा. मिश्र ने कहा कि पिछले पेराई सत्र की तुलना में इस बार 34 लाख क्विंटल गन्ना पेराई कम हुई है। किसान संगठनों ने देवबंद चीनी मिल द्वारा गन्ना मूल्य का शत- प्रतिशत और समय से गन्ना भुगतान करने के लिए यूनिट हेड पुष्कर मिश्र की सराहना की और कहा कि दूसरी चीनी मिलों को देवबंद का अनुसरण करना चाहिये।

## पुलिस वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पर रोक

**प्रयागराज, लोकसत्य।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात इंस्पेक्टरों, सब इंस्पेक्टरों, हेड कांस्टेबिलो व कांस्टेबलों के खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने रोक लगाते हुए प्रदेश सरकार व संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश पुलिसकर्मियों द्वारा दाखिल अलग-अलग याचिकाओं पर जस्टिस राजीव जोशी व जस्टिस राजीव मिश्रा की अलग-अलग कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पारित किया है। अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कर उनके विरुद्ध चल रही विभागीय कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पुलिस अधिकारियों पर 7 /13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा तथा अन्य अलग-अलग धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज कराई गई थी।

# 12 और उपद्रवी गिरफ्तार, अब तक 50 गिरफ्तारियां, पत्थरबाज कर रहे सरेंडर

**शिकंजा**

- पुलिस आज आरोपियों का दूसरा पोस्टर जारी करेगी

**कानपुर, लोकसत्य**



कानपुर में हुई हिंसा और बवाल के मामले में पुलिस की तरफ से पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर जारी करने का असर दिखाई देने लगा है। पोस्टर चस्पा होने के बाद पत्थरबाज खुद सरेंडर कर रहे हैं। हिंसा में शामिल एक आरोपी ने सोमवार देर रात खुद को कर्नेलगंज थाने में सरेंडर किया है। चो वीडियो फुटेज में भी दिखाई दे रहा था। इसके अलावा मंगलवार को 12 आरोपी और गिरफ्तार किए गए हैं। अब तक कुल 50 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**दो और सोशल मीडिया हैंडल्स पर एफआईआर:** कानपुर में नई सड़क पर हुए बवाल में कुछ लोगों ने सोशल मीडिया के जरिये माहौल बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भड़काऊ पोस्ट कर लोगों को उकसाया गया। पुलिस ने पहले ऐसे आठ लोगों के एकाउंट चिह्नित किए थे। वहीं, दो अन्य हैंडल्स पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। इनके खिलाफ आईटी एक्ट व धार्मिक भावनाएं आहत करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आज जारी होगा दूसरी पोस्टर कानपुर में हिंसा के बाद पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। पुलिस दबिश देकर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है। अभी तक 40 लोगों के पोस्टर लगाए गए हैं।

वहीं, आज पुलिस आरोपियों का दूसरा पोस्टर जारी करेगी। बता दें कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के जरिए फोटो हासिल किए थे। इन फोटो के जरिए उन सभी लोगों को पहचानने का काम किया जा रहा है।

# सीएम ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर किए दर्शन

**दौरा**

- मुख्यमंत्री का मथुरा दौरा: बरसाना में पूजा, रसखान को किया नमन

**मथुरा, लोकसत्य**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कान्हा की नगरी मथुरा से राधारानी के गांव बरसाना तक भक्ति भावना में डूबे नजर आए। दो दिवसीय मथुरा दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर ठाकुरजी के दर्शन के साथ की। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मस्थान स्थित केशवदेव मंदिर में ठाकुरजी दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह और योगमाया मंदिर में दर्शन किए।

भागवत भवन में सेवायतों ने मुख्यमंत्री को विधि-विधान से पूजन अर्चन कराया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के बाद मुख्यमंत्री ने गोकुल स्थित रसखान समाधि स्थल पर हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। यहां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक हुई। इसमें ब्रज क्षेत्र की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री बरसाना पहुंचे। यहां राधारानी मंदिर में विधिवत पूजा की।

मंगलवार की सुबह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकेशवदेव मंदिर में पूजा के बाद गर्भगृह स्थित योगमाया और जन्मस्थान के दर्शन किए। इसके बाद भागवत भवन में श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भगवान को भोग आदि अर्पण करते हुए आरती उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न प्रदेशों से आए दर्शनार्थियों से भेंट कर उनका हालचाल पूछा। इस दौरान मुख्यमंत्री का बाल प्रेम भी देखने को मिला।

उन्होंने बच्चों को दुलारा और उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोकुल स्थित रसखान समाधि स्थल पहुंचे। उन्होंने रसखान समाधि स्थल को नमन किया।

## छज्जा गिरने से 14 साल के किशोर की मौत

**आगरा, लोकसत्य।** आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के प्रकाश नगर में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक पुराने मकान की दूसरी मंजिल का छज्जा गिर गया।

हादसे में गली में खेल रहे 14 वर्षीय राजू पुत्र स्वर्गीय राम स्वरूप की मौत हो गई। वहीं करण (9) पुत्र दामोदर, अमर सिंह (17) पुत्र दामोदर, नीरज (32) पुत्र होम सिंह और कुलदीप (4) पुत्र सियाराम घायल हो गए। हादसे से इलाके में अफरातफरी मच गई। जिस मकान का छज्जा गिरा है, वह नीरज का है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दूसरी मंजिल का छज्जा भरभरा कर गिर गया, जिसमें पांचों लोग दब गए थे। उन्हें किसी तरह बाहर निकाला। हादसे में 14 साल के राजू की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्रीय विधायक धर्मपाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

# हिंसा मामले में किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजा जायेगा: मीणा

**भरोसा**

- पुलिस का मकसद तीन जून की हिंसा के गुनहगारों को सजा दिलाना है

**कानपुर, लोकसत्य**



पिछले दिनो हिंसा की आग में झुलसे कानपुर के पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीणा ने कहा कि पुलिस का मकसद 03 जून को हुई हिंसा के गुनहगारों को उनके किये की सजा दिलाना है और इस मामले में किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजा जायेगा। मीणा ने मंगलवार को कहा कि बेकनगंज क्षेत्र में तीन जून को सुनियोजित तरीके से भड़की हिंसा में लिप्त दोषियों की धरपकड़ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।

उन्होंने कहा, "हमारा मकसद सिर्फ गुनहगारों को सजा दिलाना है। मगर इस मामले में किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजा जायेगा।" लोगों से सहयोग की अपील करते हुये उन्होने कहा कि यदि किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई हो रही है तो पीड़ित पक्ष उनके अथवा संयुक्त पुलिस आयुक्त से संपर्क कर सकता है। किसी भी दशा में कोई भी निर्दोष, सजा का हकदार नहीं होगा।

मीणा ने भरोसा दिया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त की निगरानी में पुख्ता सबूत के आधार पर ही गिरफ्तारी हो रही है। उन्होने कहा कि पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि कार्रवाई से पहले सभी तथ्यों की जांच करें 03 जून को बेकनगंज क्षेत्र के नई सड़क में जुमे की नमाज के बाद सड़क पर उतरी भीड़ ने भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद के खिलाफ की गयी अभद्र टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।

इस बीच कुछ अराजक तत्वों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी और पटाखा बम फोड़ कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी।

# हमीरपुर में नौ हजार बच्चे कुपोषित व 175 बच्चे अतिकुपोषित का शिकार

**चिंता**

- तीन ब्लाक में अति कुपोषित बच्चों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ

**हमीरपुर, लोकसत्य**



बच्चों में कुपोषण को रोकने के लिये सरकार के स्तर पर किये जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में करीब 9000 बच्चे कुपोषित हैं और 175 बच्चे अति कुपोषण के शिकार हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि जिले में माह मई में हुये सर्वे में यह स्थिति उजागर हुयी है।

इसमें पता चला है कि हमीरपुर जिले में शहर समेत तीन ब्लाक में अति कुपोषित बच्चों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। सर्वे की मासिक रिपोर्ट के अनुसार गोहांड ब्लॉक में छह साल तक के बच्चों की कुल संख्या 10,500 है। इनमें 816 बच्चे कुपोषित पाये गये है। इसी प्रकार कुरारा ब्लॉक में 10,418 बच्चों में से 787 और मौदहा ब्लॉक में 18,218 बच्चो में से 828 बच्चे कुपोषित पाये गये है।

इस प्रकार जिले में कुल 8598 बच्चे कुषोषित पाये गये है। सिंह ने बताया कि कुरारा ब्लॉक में अप्रैल माह में 10 बच्चे अतिकुपोषित पाये गये थे, जबकि मई में इस स्थिति में कोई सुधार नही हो पाया है और अतिकुपोषित बच्चों की संख्या जस की तस बरकरार है। इसी प्रकार मौदहा ब्लॉक में अप्रैल माह में 18 बच्चे अतिकुपोषित थे, जबकि मई में यह संख्या बढ़कर 20 हो गयी है।

राठ ब्लॉक में अतिकुपोषित बच्चों की संख्या अप्रैल में 12 थी और मई में यह 18 हो गयी। सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी हमीरपुर शहर में हुई है, जिसमें अप्रैल में 11 बच्चे अतिकुपोषित थे और यह मई में 21 हो गयी।

**कार्यक्रम** | 10 लाख नए रोजगार सृजित हो सकते हैं: अनुप्रिया पटेल

# 'निर्यात में बढ़ सकती है हमारी हिस्सेदारी'

**उम्मीद**

- यूएई व आस्ट्रेलिया के साथ करार से बढ़ी संभावनाएं

**आगरा, लोकसत्य**




यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से निर्यातकों के सामने निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। पहली बार सरकार ने करार करने के बाद पूरे देश के निर्यातकों को उनके शहर जाकर इसका फायदा उठाने की पहल की है। 10 लाख नए रोजगार इससे सृजित हो सकते हैं, वहीं निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बढ़ सकती है।

यह बातें को केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आगरा में आयोजित स्टेकहोल्डर आउटरीज कार्यक्रम में कही। हरीपर्वत स्थित होटल में हुए कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ मंत्रालय के अधिकारियों ने भारत-यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए करार की जानकारी दी और निर्यात में बढ़ोतरी की संभावनाएं बताईं। कार्यक्रम में सांसद और केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने चुटीले अंदाज में आगरा की आवाज वाणिज्य राज्यमंत्री के सामने उठाई।

बहन, अपने पल्लू की गांठ खोलकर कुछ पैसे दे देना एसपी सिंह बघेल ने अनुप्रिया पटेल से कहा कि उत्तर प्रदेश के उद्योग स्वस्थ हो रहे हैं, लेकिन आगरा के उद्योग बीमार हैं।

हमारी बहन (अनुप्रिया पटेल) उद्योग के लिए कुछ दे देंगी तो सेहत सुधर जाएगी। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जो अपने घर का पर्यावरण ठीक नहीं करते, वह शहर, देश के पर्यावरण पर याचिकाएं कर रहे हैं।

बघेल ने वाणिज्य राज्यमंत्री से आगरा में आर्टिजन स्कूल या यूनिवर्सिटी खोलने की मांग की ताकि कारीगरों का हुनर निखर सके। उन्होंने कहा कि देश में जाति आधारित व्यापार हैं। लकड़ी, जूता, बर्तन, सब्जी, मार्बल हैंडीक्राफ्ट, कांच आदि का काम पीढ़ी दर पीढ़ी चल रहा है।

### फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के फायदे गिनाए

केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री ने कहा कि आगरा में लेदर फुटवियर, हैंडीक्राफ्ट, कालीन, फिरोजाबाद के कांच उद्योग से जुड़े निर्यातक इन करार का फायदा उठाएं। केंद्र सरकार हर जिले को निर्यात का केंद्र बनाने के लिए सहयोग करेगी। हरीपर्वत स्थित होटल में हुए कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ मंत्रालय के अधिकारियों ने भारत-यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए करार की जानकारी दी और निर्यात में बढ़ोतरी की संभावनाएं बताईं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से निर्यात का रास्ता जाता है। केंद्रीय विधि राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने इस मौके पर कहा कि निर्यात में जो कानून आड़े आ रहे हों, वह बताएं, उनका मंत्रालय उन्हें हटा देगा या सरलीकरण कर देगा। ऐसे 1500 कानून अब तक हटाए हैं। एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि पहली बार है, जब सरकार नीति बनाकर उनकी जानकारी भी दे रही है ताकि असल हकदारों को उसका फायदा पहुंचे।


# पीले तना छेदक की वजह से होता है धान का 70% नुकसान

**सहारनपुर, लोकसत्य**

स्थानीय कृषि बाजार में सल्फर मिल्स लिमिटेड द्वारा अपना नया पेटेंटेड उत्पाद इमारा उपलब्ध कराया गया है। इमारा विश्व का पहला कीटनाशक और पोषक तत्वों का मिश्रण वाला उत्पाद है। (डब्ल्यूडीजी) फोर्मुलेशन - इमारा में कीटनाशक के साथ साथ पोषक तत्व (सल्फर-70 प्रतिशत और जिंक ऑक्साईड-13 प्रतिशत) उपलब्ध कराये गये हैं।

सल्फर मिल्स लिमिटेड के प्रबंध निर्देशक बिमल शाह ने बताया कि धान की फसल का 20-70 प्रतिशत नुकसान पीले तना छेदक की वजह से होता है। कंपनी के मुंबई स्थित अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र में विकसित-इमारा तना छेदक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उत्तम कार्यक्षमता वाला उत्पाद है । उपयोग में सरल इमारा का छिड़काव 4 किलोग्राम प्रति एकड़ की मात्रा में धान के प्रतिरोपण के 15-20 दिन में अथवा धान कि सीधी बुवाई के 25 से 30 दिन में तना छेदक की रोकथाम के साथ साथ फसल की प्रतिरोधक क्षमता में बढोतरी करता है। इमारा मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बनाते हुए बेहतर उपज का नियोजन करने में भी लाभदायक पाया गया हैं।

जिस वजह से धान की फसल बेहतर गुंणवत्ता के साथ ज्यादा पैदावार मिलती है। सल्फर मिल्स लिमिटेड (मुख्यालय-मुंबई) भारत की कीटनाशक, उर्वरक और खाद उत्पादन एंवम बिक्री करने वाली अग्रणीय कंपनी मानी जाती है। 1960 में स्थापित सल्फर मिल्स लिमिटेड के उत्पाद 80 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। आज अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चीन सहित 10 अन्य देशों में इमारा को अंतरराष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त हैं।




पिछले 8 वर्षों में @narendramodi जी ने गरीब व निम्न मध्यम वर्ग की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अनेक कार्य किये हैं। PMAY से अपना घर, स्वच्छ पीने का पानी, आयुष्मान कार्ड, गैस व शौचालय देकर उन्हें अधिकार और सम्मान देने का काम किया है।

- अमित शाह



हरियाणा की माटी पर आयोजित #KheloIndia में हमारे युवा खिलाड़ी निरंतर मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं और दूसरे राज्यों के होनहार खिलाड़ी भी अपने प्रदर्शन से प्रतियोगिता में चार चाँद लगा रहे हैं। मैं देश के इन युवा खिलाड़ियों को स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं देता हूँ।

- मनोहर लाल



कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला जी के माता-पिता जिस दु:ख से गुज़र रहे हैं उसे बयान करना मुश्किल है। इन्हें इंसाफ दिलाना हमारा फ़र्ज़ है, और हम दिला कर रहेंगे। राज्य की कानून व्यवस्था भंग हो चुकी है। पंजाब में अमन और शांति बनाये रखना AAP सरकार के बस की बात नहीं है।

- राहुल गांधी

## मंकीपॉक्स को लेकर सतर्कता जरूरी

कोविड से जूझ रही दुनिया में एक दुर्लभ संक्रमण के उभरने से वैज्ञानिक चिंतित हैं जिसका नाम मंकीपॉक्स है। हालांकि भारत में अभी तक इससे संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन ब्रिटेन, इटली, पुर्तगाल, स्पेन, स्वीडन और अमेरिका में लोग इससे संक्रमित पाए गए हैं। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस इस बीमारी के संभावित संक्रमणों की जांच कर रहे हैं जिनमें मृत्यु दर 10 प्रतिशत हो सकती है। मंकीपॉक्स मानव चेचक के समान एक दुर्लभ वायरल संक्रमण है। यह पहली बार 1958 में शोध के लिए रखे गए बंदरों में पाया गया था। मंकीपॉक्स से संक्रमण का पहला मामला 1970 में दर्ज किया गया था। यह रोग मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्रों में होता है और कभी-कभी अन्य क्षेत्रों में पहुंच जाता है। ऐसे में हम बीमारी की निगरानी और पब्लिक कम्युनिकेशन की पुरानी गलती को नहीं दोहरा सकते। हालांकि, मंकीपॉक्स और कोविड-19 दोनों एक जैसे नहीं हैं, फिर भी हम महामारी की गलतियों से जरूर सीख सकते हैं। अदृश्य संक्रमण को रोकना आसान नहीं है। लोगों की मदद नहीं हो पायेगी, अगर लोगों को संभावित मुश्किलों के प्रति आगाह नहीं किया गया। विषाणुजनित संक्रमण की निगरानी, पहचान, पुष्टि और इलाज के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। मंकीपॉक्स धीमे म्यूटेट होनेवाला डीएनए वायरस है, जो संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट या सीधे संपर्क में आने से फैलता है। यह एक प्रकार का ऑर्थोपॉक्सवायरस है, जो सामान्य तौर पर जानवरों से इंसानों में फैलता है। पहली बार यह बड़े स्तर पर इंसानों से इंसानों के बीच फैल रहा है। मध्य और पश्चिमी अफ्रीका की यह स्थानिक बीमारी अब दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल रही है। अभी तक 20 से अधिक देशों में 400 से अधिक मामले रिपोर्ट हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, बीते 21 दिनों के भीतर संक्रमण प्रभावित देश की यात्रा करनेवाले व्यक्तियों की निगरानी आवश्यक है। संक्रमित व्यक्ति के शरीर पर दाने, बुखार, शरीर और सिर में दर्द तथा कमजोरी जैसे लक्षण उभरते हैं। मामले की पुष्टि केवल पीसीआर टेस्ट या नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे द्वारा नमूनों की जांच के आधार की जा सकती है। देश में संक्रामक बीमारियों की निगरानी करनेवाले एकीकृत बीमारी निगरानी कार्यक्रम (आइडीएसपी) ने स्वास्थ्य सेवाओं, विशेषकर त्वचा क्लीनिक, यौन संचारित रोगों के क्लीनिक, मेडिसिन क्लीनिक और पीडिएट्रिक्स क्लीनिक को सतर्क रखने का निर्देश दिया है। संक्रमण से होनेवाले त्वचा के घावों, बुखार, खुजली, मिचली, उल्टी, सिरदर्द और अस्वस्थता जैसे लक्षणों के निदान के लिए भी उपाय सुझाये गये हैं। अभी तक अमेरिका, ब्रिटेन, बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और कई अफ्रीकी देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने आये हैं। भारत अब तक इस संक्रमण से सुरक्षित है। दुनिया के कई देशों में संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है। मंकीपॉक्स से बचाव के लिए, हाल ही में मध्य और पश्चिम अफ्रीका से लौटे लोगों के संपर्क में आने से बचें। कुछ यूरोपीय देशों में भी इसके मामले बढ़े हैं, इसका भी ध्यान रखा जाए। यूरोपीय देशों से भारत में भी आवागमन जारी है, ऐसे में संभावित खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट किया है। बचाव उपायों के प्रति विशेषज्ञों के सतर्क होने तथा मंकीपॉक्स संक्रमण से जुड़े आवश्यक प्रश्नों का शोधकर्तों द्वारा समाधान खोजने का प्रयास होना चाहिए। सही वैज्ञानिक जानकारी का अभाव एक वैश्विक समस्या है, जिसका शुरुआती दौर में ही समाधान जरूरी है, ताकि समस्या को आने से पहले ही नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, अभी किसी भी देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात जैसी स्थिति नहीं है, फिर भी इस समय को गंभीरता से लेने और तात्कालिक तैयारियों को पुख्ता करने की जरूरत है, तभी इमरजेंसी को टाला जा सकेगा। अपने स्तर पर हमें सावधानी और सतर्कता की अपनी पुरानी आदत को जारी रखना है।

# कश्मीरी पंडितों का पलायन अशुभ संकेत

राजेश माहेश्वरी


*कश्मीर से कश्मीरी पंडितों का एक बार फिर से पलायन हो रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से कश्मीर में शांति बहाली और जनजीवन को सामान्य बनाने के सारी कवायदें जारी हैं। इन सबके बीच कश्मीरी पंडितों की चुन-चुनकर की जा रही हत्याओं ने मनोबल गिराने का काम किया है।*


कश्मीर से कश्मीरी पंडितों का एक बार फिर से पलायन हो रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से कश्मीर में शांति बहाली और जनजीवन को सामान्य बनाने के सारी कवायदें जारी हैं। इन सबके बीच कश्मीरी पंडितों की चुन-चुनकर की जा रही हत्याओं ने मनोबल गिराने का काम किया है। नतीजतन थोड़े-बहुत जो भी कश्मीरी पंडित और अन्य कर्मचारी थे, उन्होंने पलायन शुरू कर दिया है। जो शांति प्रयासों का तगड़ा झटका तो है ही, वहीं इस ओर भी संकेत करता है कि कश्मीर में आंतक की जड़ें काफी गहरी और स्थानीय स्तर पर फैली हुई हैं। जम्मू और कश्मीर में हिंदुओं की टारगेट किलिंग के बढ़ते मामलों के बीच घाटी से एक तिहाई प्रवासी कश्मीरी पंडित कर्मचारियों का पलायन हो चुका है।

यह दावा शनिवार (पांच जून, 2022) को बीजेपी नेता और जम्मू और कश्मीर में बीजेपी के राजनीतिक प्रतिक्रिया विभाग के प्रभारी अश्विनी चूंगरू ने किया। कश्मीर में घाटी में स्थानीय कश्मीरी पंडितों और प्रवासी हिंदुओं की चुन-चुनकर हत्या किए जाने से दहशत फैल गई है। इस साल अब तक 16 लोगों की टारगेट किलिंग हो चुकी है और इन पर रोक न लगने के चलते कश्मीर में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों का पलायन शुरू हो गया है। यही नहीं प्रवासी मजदूर और बड़ी संख्या में ट्रांजिट कैंपों में रह रहे कश्मीरी पंडित भी घाटी छोड़ रहे हैं। कई कर्मचारियों ने तो बिगड़ते हालातों को लेकर कहा कि स्थिति अब 1990 से भी खराब हो चुकी है। ऐसे में यहां रुकना खतरे से खाली नहीं है। पीएम रिलीफ पैकेज के तहत काम करने वाले सरकारी कर्मचारी अपने सामान को भरकर किसी तरह जम्मू और अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं। केंद्र सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है कि ये पलायन रूक जाए, लेकिन सरकारी कर्मियों के सामने कोई और विकल्प नहीं है। वे बेहद निराश, परेशान हैं, क्योंकि उन्हें आतंकी निशाना बनाकर मार रहे हैं। बहरहाल यह पलायन 1990 के दौर से भिन्न है। इस बार समूचे परिवार नहीं उजड़ रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नियुक्त किए गए सरकारी कर्मचारी अब घाटी छोड़ने पर आमादा हैं। यदि बैंक मैनेजर विजय कुमार की हत्या की गई, तो ईंट भट्टा मजदूरों पर भी गोलियां बरसाई गईं।

बिहार निवासी दिलखुश की मौत हो गई और पंजाब निवासी घायल अवस्था में अभी संघर्षरत है। बैंक मैनेजर राजस्थान में हनुमानगढ़ के निवासी थे और 45 दिन पहले ही उनकी शादी हुई थी। निशाने पर कश्मीरी और गैर-कश्मीरी सभी हैं। आतंकी इसे भी 'जेहाद' करार दे रहे हैं। वे भारत की हिमायल करने वालों को निशाना बना रहे हैं। आतंकी नहीं चाहते कि कश्मीर की आबादी में कोई बदलाव आए, उसके समीकरण बिगड़ें। बीते एक साल के दौरान करीब 45 मुस्लिम चेहरों की भी जिंदगी छीन ली गई। यह पलायन हिंदू, मुसलमान दोनों का है। इस पलायन का फलितार्थ 'राष्ट्रीय' होगा। यह संकट और समस्या 'भारतीय' है। लिहाजा 12 मई को जिला मजिस्टेªट के राजस्व कार्यालय में काम करने वाले राहुल भट्ट की हत्या के बाद करीब 2500 कश्मीरी पंडितों और अन्य कर्मचारियों ने घाटी से जम्मू की तरफ पलायन किया था। कश्मीर में लक्षित हत्याओं के बाद कश्मीरी पंडितों को सुरक्षित स्थानों पर तबादला करने की प्रक्रिया जारी है। अब 177 कश्मीरी पंडितों को जिला मुख्यालयों पर भेजा गया है। पहले भी 80 का तबादला किया गया था। सरकार ने इस मामले में साफ तौर पर कहा था कि छह जून तक इन कर्मचारियों को जिला मुख्यालयों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बीते शुक्रवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में साफ कहा गया था कि कश्मीरी पंडित कर्मचारियों का घाटी से बाहर तबादला नहीं होगा। आठ सेफ जोन बनाए जाएंगे जहां इनकी तैनाती होगी। लेकिन ये इस जटिल समस्या का अंतिम समाधान तो नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुरक्षा और जिंदगी सरकारी कर्मचारियों और अन्य लोगों के बुनियादी सरोकार हैं। कर्मियों को दफ्तर से आवास के बीच की दूरी हर रोज तय करनी है। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरी करने के लिए बाजार तो जाना ही होगा।प्रधानमंत्री के स्तर पर नौकरियों का यह पैकेज भी पुनर्वास नीति के तहत था। कुल 6000 पद सृजित किए गए थे। उनमें से 3841 पदों पर युवा कश्मीर में लौटे थे। उनमें कश्मीरी और गैर-कश्मीरी सभी थे। कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के बाद 520 प्रवासी लोग कश्मीर लौटे थे। उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरियां दी गईं। उन कर्मचारियों की यह स्थिति है कि वे घाटी में रहना ही नहीं चाहते। 1989-1990 के बीच कश्मीर घाटी में पैदा हुए हालात के चलते बड़ी संख्या में कश्मीरी हिन्दू परिवार अपना-अपना घर छोड़ कर वहां से सुरक्षित निकल आए थे। सबसे अधिक कश्मीरी पंडित 19 जनवरी, 1990 के दिन से वहां से विस्थापित हुए थे।

उन दिनों में चरमपंथी संगठन इश्तिहारों के जरिये कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने के लिए धमकाते थे। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया गया, जिससे लोगों में डर पैदा हो गया था। कश्मीर से विस्थापन के बाद ये परिवार जम्मू और देश के अन्य शहरों में जाकर बस गए थे। जम्मू से सटे बाहरी इलाके नगरोटा में 2011 में विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए जगती टाउनशिप का निर्माण किया गया था जहां लगभग 4000 विस्थापित परिवार रहते हैं। इसके अलावा पूरे जम्मू शहर और उस के आसपास के इलाकों में हजारों कश्मीरी पंडित परिवारों ने अपना घर बना लिया है। तीन दशक बीत जाने के बाद भी केंद्र और राज्य सरकारें कश्मीरी हिन्दुओं की घर वापसी सुनिश्चित नहीं कर पाई। धारा 370 की वापसी के बाद कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन ताजा हालातों में ये आशा भी टूटती दिख रही है। इन सबके बीच बुनियादी सवाल यह है कि भारत सरकार कश्मीर के इस ताजा पलायन को कैसे रोक पाएगी? यह आतंकवाद और उसकी शैली भी नई है। आतंकवाद की जगह यह स्थानीय स्तर की 'सुपारी' की साजिश ज्यादा लगती है। इसका मतलब है कि हत्यारों को स्थानीय स्तर पर पनाह दी जा रही है। उसे खंगालना सेना और सुरक्षा बलों के लिए कोई मुश्किल काम नहीं है। पनाह के खेल को तोड़ना और नष्ट करना पड़ेगा। उसमें कोई हमदर्दी, कोई सियासत नहीं होनी चाहिए।

उम्मीद और विश्वास किया जाना चाहिए कि देर-सवेर घाटी में शांति की स्थापना के लक्ष्य पूरे हो सकेंगे। पुलिस-सुरक्षाबलों की मुस्तैदी व शासन-प्रशासन की सक्रियता यह उम्मीद जगाती है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए और हालिया हमलों में शामिल आतंकवादियों की पहचान करके उन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए। साथ ही घाटी में सद्भावना का माहौल भी बनाया जाना जरूरी है। उम्मीद की जानी चाहिये कि घाटी में परिसीमन के बाद जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरुआत होगी तो स्थिति सामान्य बनाने में मदद मिल सकेगी। ऐसे समय जब अमरनाथ यात्रा नजदीक है, सुरक्षा के उपायों को चाक-चौबंद करने की जरूरत है। साथ ही घाटी में काम कर रहे अल्पसंख्यकों की कार्यस्थलियों को सुरक्षित बनाने की जरूरत है।एक बार फिर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा का प्रश्न जटिल हो गया है।

# जीवन के आधार है महासागर

बाल मुकुन्द ओझा

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मानाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2022 की थीम. पुनरोद्धारः महासागर के लिए सामूहिक कार्रवाई रखी गई है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। इसमे मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़ पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है।

हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। दुनियाभर के सागरों और महासागरों का क्षेत्रफल 367 मिलियन वर्ग किलोमीटर है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्रोत है। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। मानव जीवन को ऑक्सीजन महासागरों से मिलती है। महासागर हमारे भोजन और दवाओं भंडार है। यहाँ लाखों प्रजातियों के जीव जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे।

पृथ्वी पर पाँच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, ऐटलैंटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मीलए हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मीलए आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा ऐंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है। महासागर से मानव को एक नहीं अनेक लाभ है। भूमि पर वर्षाए तापमान के संतुलनए खनिज के भंडारए मछलियों की बहुतायत से सुलभता और प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ आवागमन के साधन भी महासागर उपलब्ध करते है। प्राचीन काल से लोग सागर की यात्रा करने और इसके रहस्यों को जानने की कोशिश में लगे रहे हैंए परंतु माना जाता है कि सागर के वैज्ञानिक अध्ययन जिसे समुद्र विज्ञान कहते हैं की शुरुआत कप्तान जेम्स कुक द्वारा 1768 और 1779 के बीच प्रशांत महासागर के अन्वेषण के लिए की गयीं समुद्री यात्राओं से हुई। विश्व में होने वाली वर्षा महासागरों पर ही निर्भर है। महासागर कभी सूखता नहींए क्योंकि इसमें से जितना पानी वाष्प बनकर उड़ता है। वह वर्षा द्वारा नदियों में बहकर पुनरू सागर में मिल जाता है। इस प्रकार से पानी का एक चक्र बना रहता है। महासागर लहरों तथा ज्वार भाटा से कई प्रकार के कटाव एवं जमाव करता हैए जिनसे विशेष प्रकार की भू.आकृतियाँ बनती हैं। लहरों से विभिन्न प्रकार के द्वीप तथा खाड़ियों का निर्माण होता है। सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजनए मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरोंए सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है।

सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापारए यात्राए खनिज दोहनए बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैंए वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकीए नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। समुद्र तटों की सैर मानव जीवन को अपार आनंद की अनुभूति कराते है। ये तट प्रमुख पर्यटनीय स्थलों के रूप में विकसित हो रहे है जहाँ प्रति वर्ष लाखों लोग अठखेलियों के लिए आते है। प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर.सपाटा करना सैलानियों के लिये कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहाँ स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है।

अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। आज विश्व की करीब 30 प्रतिशत जनसंख्या तटीय क्षेत्रों में निवास करती है। यही वजह है कि विश्व के सबसे विशालकाय जीव ब्लू व्हेल से लेकर असंख्य सूक्ष्म जीवों को रहने के लिए ठिकाना मुहैया कराने वाले महासागर आज इंसानी गलतियों के कारण प्रदूषित हो।

## प्रेरक प्रसंग

### अमानत की वापसी

धर्मगुरु रबी मेहर और दिनों की भाँति आज भी अपनी पाठशाला में बच्चों को पाठ सिखाते रहे। उस दिन उन्होंने भगवान की न्यायकारिता का उपदेश दिया।

अपनी धर्मपत्नी को भी वह प्रातःकाल यही समझा कर आए थे कि यह संसार और यहाँ का सब कुछ भगवान का है उसे समर्पित किए बिना किसी वस्तु का उपभोग नहीं करना चाहिए।

उन दिनों नगर में महामारी फैली थी। दुर्भाग्य ने उस दिन उन्हीं के घर डेरा डाला और मेहर के दोनों फूल से सुंदर बच्चों को मृत्यु की गोद में सुला दिया।

मेहर की धर्मशीला पत्नी ने दोनों बच्चों के शव शयनागार में लिटा दिए और उन्हें सफेद चादर से ढक दिया। आप घर की सफाई और भोजन व्यवस्था में व्यस्त हो गई। साँझ हुई और रबी मेहर घर लौटे।

मेहर ने आते ही पूछा- "दोनों बच्चे कहाँ हैं ?' संतोष स्मित मुद्रा में पत्नी ने कहा -"यहीं कहीं खेल रहे होंगे, जल लीजिए, हाथ-मुँह धोकर भोजन लीजिए। भोजन तैयार है।"

मेहर ने निश्चित होकर भगवान का ध्यान किया और फिर शयनकक्ष में आए। उन्हें घर में आज कुछ उदासी दिख रही थी। बच्चे नहीं थे। पूछा – 'बच्चे अभी खेलकर नहीं लौटे क्या ?" पत्नी ने कहा- अभी बुलाए देती हूँ लीजिए दिनभर उपवास किया है भोजन कर लीजिए।!' !

रबी ने भोग लगाया और फिर उस अन्न को प्रसाद मानकर प्रेम- पूर्वक ग्रहण किया। हाथ-मुँह धोकर उठे तो फिर पूछा- 'बच्चे अभी तक नहीं आए, बाहर जाकर पता लगाऊँ क्या ?!

पत्नी ने कहा -'नहीं स्वामी ! बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है पर हाँ यह तो बताइए, आप जो कह रहे थे कि संसार में जो कुछ है वह सब भगवान का है, यदि भगवान अपनी कोई वस्तु वापस ले ले तो क्या मनुष्य को उसके लिए दुःख करना चाहिए।" !

इसमें दुःख की क्या बात भद्रे ! रबी मेहर ने आत्मसंतोष की मुद्रा में कहा। पर आज तुम्हारी बातें कुछ रहस्यपूर्ण सी लगती हैं प्रिये ! कहो न बात क्या है, कुछ छुपाना चाहती हो क्या ?

नहीं स्वामी ! आप से क्या छुपाना, मैं तो आपके ही आदर्श का पालन कर रही हूँ। यह लीजिए यह रहे आपके दोनों बच्चे, प्राण भगवान के थे सो उन्होंने वापस ले लिए, यह कहकर मेहर की पत्नी ने बच्चों के कफन मुँह से हटा दिए।



## आपका मत

### पेड़ हमारी पूंजी, इनको बचाइए

प्रदूषण के खिलाफ बदलाव की लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब समाज का समर्थन मिले, सरकारों का व्यवहार पर्यावरण के प्रति विनम्र हो। साथ ही पर्यावरण राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा माना जाए और कहा जाए। पेड़ हमारी पूंजी हैं और तरक्की के नाम इनकी लूटपाट करने वालों के खिलाफ हर देशभक्त को खड़ा होना पड़ेगा। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ एक भावनात्मक बेचैनी नहीं है। पर्यावरण के मुद्दे पर चुप्पी अस्वीकार्य होगी। पेड़, पहाड़, नदी-तालाबों, जीव-जंतुओं की मौत पर भी कुछ बूंदें आंखों से निकालते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर होना होगा। घरों से निकलने वाले कचरे को सही स्थान पर पहुंचाए। पेट्रोल-डीजल चालित वाहन के बदले ई-वाहन का उपयोग करें। ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग किया जाए। अंधाधुंध पेड़-पौधों की कटाई का विरोध करें। पर्यावरण के दुश्मन पॉलीथिन या प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

*-अभिनन्दन भाई पटेल*

### आरक्षण के लिए ठोस नियम बनाए जाएं

हमारे देश में 70 वर्ष पहले आरक्षण शुरू हुआ जो आज तक चला हुआ है। इसमें कई तरह के नियम बनाए गए। आईआरडीपी, अंत्योदय, इनके लिए नौकरी के लिए कुछ सीटें आरक्षित की गईं। इसमें भी भ्रष्टाचार नजर आता है। जिस किसी का तिकड़म लग जाता है, अपना प्रमाण पत्र बनाने में कामयाब हो जाता है। इसका कोई सही नियम नहीं है, जिसकी चलती है वह बना लेता है। अच्छे-अच्छे घर के लोगों ने आईआरडीपी का प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी प्राप्त कर ली, जबकि सामान्य वर्ग के लड़के इन नौकरियों से वंचित हो गए। आज हम देखते हैं जिन्होंने कॉलेज में अपनी पढ़ाई की है, वे लड़के दर-दर भटक रहे हैं। नौकरी मिल नहीं रही है, जबकि आरक्षित वर्ग के लोग 19-20 वर्ष के लड़के नौकरी प्राप्त कर लेते हैं। इस संदर्भ में ठोस नियम होने चाहिए।

*-गायत्री पंडित*

### समाज को विकृतियों से मुक्ति करने का हो प्रयास

जिस देश-समाज में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस करते हों, उसे विकसित और सभ्य समाज का एक सूचक माना जा सकता है। आज हमारे समाज में जिस तरह का माहौल पैदा हो रहा है, उसमें उल्लेखित एक भी पक्ष खुद को महफूज नहीं मानता। उसके अलावा समाज में जो महिला और पुरुष के मध्य का भेदभाव है, वह कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। हमारे समाज में ये तीनों ही स्थितियां संतोषजनक नहीं हैं। समाज, शासन व प्रशासन को इन विकृतियों से मुक्ति के लिए प्रयास करने होंगे।

*- केसी शर्मा*

आप अपना मत हमें इस पते पर भेज सकते हैं, हमारा ई-मेल पता है loksatyaedit01@gmail.com



# शरणागत होने का भाव

डॉ प्रदीप उपाध्याय


*दद्दा जी, यह राजनीति में परिवारवाद से लोगों को कष्ट क्यों है। किसी व्यक्ति के प्रति भक्ति या किसी परिवार के प्रति भक्ति,यह तो सदियों की परम्परा है। पहले राजशाही में राजा का बेटा राजा बनता था। अभी भी ऐसा ही तो हो रहा है कि वकील का बेटा वकील, डॉक्टर का बेटा डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी का बेटा प्रशासनिक अधिकारी और नेता के बेटे-बेटी नेता !*


दद्दा जी,यह राजनीति में परिवारवाद से लोगों को कष्ट क्यों है। किसी व्यक्ति के प्रति भक्ति या किसी परिवार के प्रति भक्ति,यह तो सदियों की परम्परा है। पहले राजशाही में राजा का बेटा राजा बनता था। अभी भी ऐसा ही तो हो रहा है कि वकील का बेटा वकील, डॉक्टर का बेटा डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी का बेटा प्रशासनिक अधिकारी और नेता के बेटे-बेटी नेता ! तब फिर हमें इस बात में क्यों आपत्ति होना चाहिए।

देखो बेटा, ऐसा है कि खाने के दांत अलग होते हैं और दिखाने के अलग। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि कथनी और करनी में अंतर होता है। भले ही परिवारवाद लोकतंत्र के लिए जहर का काम करता हो तथापि परिवार के हाथों सत्ता सूत्र बंधे रहे ,ऐसी भीतरी चाहत तो सभी की बनी रहती है। दद्दा,यह बात तो समझ में आती है कि परिजन सत्ता के खूंटे से बंधे रहना चाहते हैं लेकिन पार्टी से जुड़े लोग भी दलीय धारा के विपरीत जाने का साहस नहीं कर पाते, आखिर ऐसा क्यों !

देखो ऐसा है और तुमने भी शायद सुना हो,कहीं यह प्रसंग आया है कि भक्ति में दो प्रकार की शरणागति होती हैं । पहली 'वानरी भाव' और दूसरी 'मार्जारी भाव'। बन्दर का बच्चा अपनी पूरी शक्ति लगाकर अपनी माँ का पेट पकड़े रहता है, ताकि गिरे नहीं,उसे सबसे अधिक भरोसा माँ पर ही होता है, और वह उसे पूरी शक्ति से पकड़े रहता है। यही भक्ति का भी एक भाव है, जिसमें भक्त अपने ईश्वर को पूरी शक्ति से पकड़े रहता है। दिन रात उसकी आराधना करता है, लेकिन सभी इस भाव को नहीं अपनाते। कुछ लोग उस बिल्ली के बच्चे की भाँति होते हैं, जो अपनी माँ को पकड़ते ही नहीं, बल्कि निश्चिन्त बैठे रहते हैं कि माँ है न, वह स्वयं ही रक्षा करेगी, और माँ सचमुच उसे अपने मुँह में टांग कर घूमती है।

लेकिन दद्दा,इस प्रसंग का मेरी बात से क्या ताल्लुक है !

देखो मैं समझाता हूं। मनुष्य अपने जीवन में शरणागत के इन्हीं दो तरह के भक्तिभावों में से किसी एक से संचालित होता रहता है। दोनों ही भक्ति भावों में यह भरोसा रहता है कि उसकी रक्षा हो ही जाएगी।उसकी नैया पार लग ही जाएगी। ।एक भक्तिभाव वानरी भाव में बच्चा मां से चिपका रहता है,उसे लगता है कि एक मां ही है जो उसे हर संकटों से बचाए रखेगी। इसीलिए वह मां से कभी दूर नहीं जाता।

ऐसे में कई बार यह भी हो जाता है कि मां खुद ही संकट में घिर जाती है।जबकि दूसरे भक्ति भाव की बात करें तो यह भाव है मार्जारी भाव।इस भाव में बिल्ली का बच्चा अपनी मां से नहीं चिपटा रहता है बल्कि वह बेफिक्री से उछलता-कूदता रहता है।उसे लगता है कि उसकी मां स्वयं आकर उसे खोज लेगी और उसकी रक्षा भी करेगी। थोड़ा रूककर उन्होंने फिर अपनी बात जारी रखी-’इस वक्त देश के राजनीतिक दलों के सदस्य शरणागति के लिए इन्हीं दो भक्ति भावों से संचालित हो रहे हैं। देश की सबसे बड़ी पार्टी जिसका देश की स्वतंत्रता में



अहम योगदान रहा है, के सदस्य वानरी भाव प्रधान हैं।वे अपने इसी भाव के साथ पार्टी प्रमुख के समक्ष शरणागत होते हैं।वे पार्टी प्रमुख से चिपके रहते हैं, उन्हें विश्वास रहता है कि इसी तरह से उनकी नैया वही पार लगा सकते हैं।

दूसरी ओर देश की प्रमुख सत्ताधारी पार्टी के सदस्य हैं जो मार्जारी भाव प्रमुख हैं,ये लोग खुलकर स्वच्छंद व्यवहार करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके प्रमुख हैं तो सब कुछ मुमकिन है,कैसी भी परिस्थिति हो,नैया पार लग ही जाएगी। भाई,इतना मैंने बता दिया।बाकी तुम खुद ही समझदार हो, अब भक्ति भावों की तुमको बहुत कुछ समझ आ चुकी होगी।लोग भक्ति भाव से अपने स्वभाव और सुविधानुसार शरणागत हो जाते हैं।तुमने भी परखा होगा तो क्यूं ना दूसरे दलों में वानरी या मार्जारी भक्तिभाव तुम खुद ही खोज लेते।

# न्यूजीलैंड में दो दिन में 10,191 नए मामले

## कोरोना : स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी

**कोविड-19**

- इस महामारी से 14 और मरीजों की मौत हुई
- आकलैंड में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड में पिछले दो दिनों में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 10191 नए मामले सामने आए और इस महामारी से 14 और मरीजों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि ऑकलैंड में सबसे ज्यादा 2997 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा पिछले दो दिनों में न्यूजीलैंड सीमा पर कोरोना महामारी के 111 नए मामले पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न अस्पताल में 371 कोरोना सक्रिय मामलों का उपचार किया जा रहा है और नौ मरीजों को गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में रखा गया है। न्यूजीलैंड में 2020 के शुरू में कोरोना महामारी का मामला सामने आया था तब से लेकर अभी तक देश में कोरोना संक्रमण के 12,00,706 मामले सामने आ चुके हैं।




### दक्षिण कोरिया में कोरोना के 6,172 नये मामले

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के 6,172 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमितों कुल संख्या बढ़कर 1,81,74,880 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह संक्रमण के दैनिक औसत मामलों की संख्या 10,186 रही। नए मामलों में 35 विदेश से आये लोगों के हैं, जिनकी कुल संख्या बढ़कर 33,064 हो गई हैं। देश में इस समय गंभीर संक्रमितों की संख्या इस वक्त 117 है, जो पिछले दिन की तुलना में 12 कम हैं। इस बीमारी के संक्रमण से 20 और लोगों की मौत होने के साथ ही मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 24,299 हो गयी है। देश में कोरोना मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

### अमेरिकी एजेंसियों, फार्मेसियों ने 8.2 करोड़ कोविड -19 वैक्सीन की खुराक बर्बाद कर दी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय, राज्य और स्थानीय सरकारों के साथ-साथ फार्मेसियों ने पिछले डेढ़ साल में कोविड -19 टीकों की 8.2 करोड़ से अधिक खुराक बर्बाद कर दी है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया कि दवा की दुकानों या फार्मेसियों, राज्य सरकारों, अमेरिकी क्षेत्रों और संघीय एजेंसियों ने दिसंबर 2020 से मध्य- मई 2022 तक कोवि -19 टीकों की 8.21 करोड़ खुराक को बर्बाद कर दिया। यह अमेरिकी सरकार द्वारा वितरित की गई महामारी के सभी टीकों के 11 प्रतिशत से अधिक है।

### संरा सुरक्षा परिषद की बैठक से...

# रूसी राजदूत ने किया बर्हिगमन

न्यूयॉर्क, लोकसत्य

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल द्वारा वैश्विक खाद्य संकट के लिए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को दोषी ठहराने के बाद रूस के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक से बहिर्गमन किया है। माइकल ने सोमवार को कहा, "रूसी संघ के श्रीमान राजदूत, आइए ईमानदार रहें। क्रेमलिन विकासशील देशों के खिलाफ खाद्य आपूर्ति का उपयोग मिसाइल के रूप में कर रहा है। रूस के विनाशकारी युद्ध के परिणाम से दुनिया भर के देश प्रभावित हो रहे हैं और खाद्य कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जो लोगों को गरीबी की ओर धकेल रहा है और पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। इस खाद्य संकट के लिए अकेला रूस ही जिम्मेदार है।" क्रेमलिन के झूठ और दुष्प्रचार के अभियान के बीच उन्होंने कहा कि यह सब मैंने अपनी आंखों से देखा है। कुछ हफ्ते पहले ओडेशा में लाखों टन अनाज और गेहूं कंटेनर जहाजों में फंसा हुआ रहा क्योंकि रूस के लडाकू जहाज काला



सागर में तैनात हैं और रूस लगातार यातायात ढांचों पर हमला कर रहा है। रूसी टैंक, बम और बारुदी सुरंग यूक्रेन को खेती करने से रोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेमलिन अनाज भंडारों पर हमला कर रहा है और यूक्रेन में अनाजों की चोरी कर रहा है। जबकि वह दूसरो पर इसका इल्जाम लगा रहा है। "यह कायरता है और शुद्ध तथा सरल दुष्प्रचार है।" यूरोपीय परिषद के प्रमुख ने कहा कि यूरोपीय संघ का रूस में कृषि क्षेत्र पर शून्य भी प्रतिबंध नहीं है, और यहां तक कि रूसी परिवहन क्षेत्र पर हमारे प्रतिबंध भी यूरोपीय संघ की सीमाओं के आड़े नहीं आते हैं।

रूसी राजदूत के बैठक छोड़ने के बाद माइकल ने कहा, "आप बैठक को छोड़ सकते हैं, राजदूत यह सच सुनने से बचने के लिए आपका आसान तरीका हो सकता है। हमारे प्रतिबंध रूसी जहाजों को विकासशील देशों में अनाज, भोजन या उर्वरक ले जाने से नहीं रोकते हैं।"

माइकल ने कहा,' यूरोपीय संघ के लिए वैश्विक खाद्य सुरक्षा उच्च प्राथमिकता है और हम इसके लिए सबकुछ करेंगे, हम इन चुनौतियों को सुलझाने की कोशिश करेंगे और विकासशील देशों की मदद करेंगे।'

## जापान ने रूस और बेलारूस के बैंकों पर लगाए प्रतिबंध

टोक्यो, एजेंसी

जापान सरकार ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के मद्देनजर रूस के रोसेलखोजबैंक और क्रेडिट बैंक ऑफ मॉस्को के साथ-साथ बेलारूस के बैंक फॉर डेवलपमेंट एंड रिकंस्ट्रक्शन पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। जापान के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार जापान में यदि इन बैंकों की कोई संपत्ति है तो उसे फ्रीज करने के साथ-साथ इन संस्थानों के साथ वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। प्रतिबंध सात जून से प्रभावी होंगे। मंत्रालय ने कहा, "इसके अलावा रूसी संघ के औद्योगिक आधार को मजबूत करने में योगदान करने वाले उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।"

**बयान**

- बेलारूस के बैंक फॉर डेवलपमेंट एंड रिकंस्ट्रक्शन पर प्रतिबंध लगाये




## प्राउड बॉयज़ नेताओं पर कैपिटल दंगा में राजद्रोही साजिश का आरोप

**प्रतिक्रिया**

- कई महीनों तक एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करके बाइडेन के जीत के प्रमाणीकरण में बलपूर्वक बाधा डालने का प्रयास किया था

वाशिंगटन, एजेंसी

'प्राउड बॉयज' के पूर्व नेता एनरिक टैरियो और चार अन्य पर 2021 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की चुनावी जीत के प्रमाणीकरण में बाधा डालने के लिए अमेरिकी पार्लियामेंट कैपिटल में धावा बोलने की देशद्रोही साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

अंग्रेजी दैनिक 'द गार्जियन' के अनुसार संघीय अभियोजकों द्वारा टैरियो और अन्य चार प्राउड बॉयज नेताओं पर देशद्रोही साजिश का कदम उठाने का आरोप लगाया। इसके अलावा कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने के पिछले आरोपों के अलावा छह जनवरी के कैपिटल हमले की आपराधिक जांच में एक बड़ा विकास है।

संघीय अभियोजकों द्वारा टैरियो और अन्य चार प्राउड बॉयज़ नेताओं पर देशद्रोही साजिश का आरोप है। इसके अलावा कैपिटल हमले में आपराधिक जांच में कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने का भी आरोप है।

सोमवार को वाशिंगटन डीसी में 33 पन्नों के अभियोग में न्याय विभाग ने कहा कि टैरियो और उनके सह-प्रतिवादी जोसेफ बिग्स, एथन नॉर्डियन, ज़ाचरी रेहल और डोमिनिक पेज़ोला ने कई महीनों तक एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करके बाइडेन के जीत के प्रमाणीकरण में बलपूर्वक बाधा डालने का प्रयास किया था।

## चीन में भारी बारिश, बाढ़ से आठ लाख लोग प्रभावित

नानचांग, एजेंसी


पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत में हो रही मूसलाधार बारिश और इससे आई बाढ़ की वजह से कल शाम तक आठ लाख लोगों की आबादी प्रभावित हो गयी है।

प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण एवं सूखा राहत मुख्यालय के अनुसार 28 मई के बाद से हो रही बारिश के ताजा दौर से प्रांत के 80 कस्बों पर कहर बरपाया है। इससे 76 हजार हेक्टेयर से अधिक फसल भूमि को नुकसान पहुंचा है। साथ ही साढ़े 17 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सीधे आर्थिक की नुकसान की खबर है।

मंगलवार सुबह बारिश का दौर धीमा पड़ने के बाद बाढ़ के खतरे के

**आपदा**

- बारिश के ताजा दौर से प्रांत के 80 कस्बों पर कहर बरपाया है



निशानों को हटा लिया गया है। अधिकारियों ने मौसम परिवर्तन और बाढ़ पर प्रभावी नियंत्रण और सूखा राहत प्रयासों पर बारीकी से नजर रखने का आह्वान किया है।

### जापानी सरकार ने पांच वर्षों में पहली बार बिजली की कमी पर चर्चा करते हुए एक विशेष बैठक की

# जापानी सरकार ने की लोगों से बिजली की खपत कम करने की अपील

टोक्यो, एजेंसी

जापान सरकार ने मंगलवार को एक जुलाई से 30 सितंबर तक स्वेच्छा से ऊर्जा संरक्षण के लिए वर्ष 2015 के बाद से पहली राष्ट्रव्यापी अपील जारी करते हुए लोगों से बिजली की खपत और बिल कम करने की उम्मीद जतायी है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार ने बिजली के दृष्टिकोण पर चर्चा करने के लिए वर्ष 2015 के बाद से पहली राष्ट्रीय बैठक बुलाई, जिससे आने वाले महीनों और सर्दियों में बिजली की खपत के लिए आपूर्ति पर चर्चा की गयी। व्यापार मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जापानी सरकार ने पांच वर्षों में पहली बार बिजली की कमी पर चर्चा करते हुए एक विशेष बैठक की। जिसमें औसत से अधिक गर्मी और सर्दियों के दौरान ऊर्जा की भारी कमी की आशंका जताई गई थी। जापानी सरकार ने पांच वर्षों में पहली बार ऊर्जा असुरक्षा पर चर्चा करते हुए एक विशेष बैठक की, जिसमें औसत से अधिक गर्मी और सर्दियों के दौरान ऊर्जा की भारी कमी की आशंका जताई गई।



जापान के व्यापार मंत्री कोइची हागुदा ने बैठक में कहा, "हम निवासियों और कंपनियों से 28 डिग्री सेल्सियस या 82 डिग्री फ़ारेनहाइट पर एयर कंडिशनर सेट करने को कहा और जहां आवश्यक नहीं है वहां लाइट बंद करके बिजली बचाने के उपायों में हमारी सहायता करने की अपील की।"

उन्होंने कहा कि शाम पांच बजे से रात आठ बजे के बीच बिजली की बचत करना विशेष रूप से जरूरी है। जापानी मीडिया ने कल बताया कि देश को 2022-23 की सर्दियों के दौरान बिजली की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जो लगभग 11 लाख घरों को बिजली आपूर्ति करने के लिए आवश्यक है।

बैंक ऑफ जापान ने कहा कि अप्रैल में देश में थोक कीमतों में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो वर्ष 1981 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि हुई। यूक्रेन संकट और राष्ट्रीय मुद्रा येन की गिरावट के बीच ऊर्जा और कच्चे माल की लागत में वृद्धि जारी रही।

## भारतीय मूल के दो भाई दुबई में गिरफ्तार

दुबई, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका में मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) और आपराधिक मामलों में वांछित अतुल और राजेश गुप्ता को दुबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जो मूल रूप से भारतीय हैं।

खलीज टाइम्स ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि ये दोनों भाई मूल रूप से भारत में उत्तर प्रदेश के रहने वाले है और दक्षिण अफ्रीका के वांछित हैं। पुलिस ने इंटरपोल से रेड नोटिस मिलने के बाद गुप्ता बन्धुओं को गिरफ्तार कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका के न्याय मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उसे संयुक्त अरब अमीरात में कानून प्रवर्तन अधिकारियों से सूचना मिली है कि राजेश और अतुल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुप्ता बंधुओं पर बड़े पैमाने पर अनुबंधों के लिए रिश्वत देने और दक्षिण अफ्रीका में मंत्रिस्तरीय नियुक्तियों पर प्रभाव डालने का आरोप है।

**जानकारी**

- इंटरपोल से रेड नोटिस मिलने के बाद कार्रवाई



## दक्षिण कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र, रूस, जापान, चीन के राजदूत बदले

**निर्णय**

- ब्रिटेन में दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत ह्वांग जून-कुक को संयुक्त राष्ट्र व कोरिया राष्ट्रीय कुटनीतिक अकादमी के पूर्व प्रमुख यूं डुक-मिन को जापान में राजदूत बनाया है

सोल, एजेंसी

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने मंगलवार को कंबोडिया में देश के पूर्व राजदूत चांग हो-जिन को रूस में राजदूत नियुक्त किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति ने सोमवार और



मंगलवार को कई नियुक्तियां कीं। इसके तहत ब्रिटेन में तैनात दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत ह्वांग जून-कुक को संयुक्त राष्ट्र में राजदूत बनाया गया है। जबकि कोरिया राष्ट्रीय कुटनीतिक अकादमी के पूर्व प्रमुख यूं डुक-मिन को जापान में राजदूत नियुक्त किया गया है और सोल नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर चुंग जे-हो को चीन में राजदूत नियुक्त किया गया है। रूस में नियुक्त किये गये राजदूत श्री चांग का जन्म 1961 में हुआ था। श्री चांग ने सोल नेशनल यूनिवर्सिटी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और उन्होंने दक्षिण कोरिया के कई महत्वपूर्ण पदों काम किया है।

## ब्रिटिश पत्रकार और ब्राजील का विशेषज्ञ अमेजन में लापता

ब्रासीलिया, एजेंसी

ब्राजील की सुदूर जवारी घाटी में एक जानेमाने ब्रिटिश पत्रकार और ब्राजील के स्वदेशी मामलों के विशेषज्ञ लापता हो गए हैं। सीएनएन ने स्वदेशी संगठन के समन्वयक (यूएनआइओआईएरेए) के हवाले से सोमवार को बताया कि पन्द्रह वर्षो से ब्राजील में काम कर रहे 57 वर्षीय पत्रकार डोम फिलिप्स और छुट्टी पर चल रहे स्वदेशी राष्ट्रीय फाउंडेशन (एफयूएनएआई) के एक कर्मचारी ब्रूनो अराउजो परेरा 30 घंटे से अधिक समय से लापता है। संगठन ने बताया कि उपग्रह से प्राप्त सूचना के अनुसार इन दोनो की जोड़ी की आखरी उपस्थित साओ राफेल पर पायी गयी थी। इन दोनों का रविवार सुबह यहां के स्थानीय नेता से मिलने कार्यक्रम था लेकिन वह नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यह दोनों दो घंटे की यात्रा पर अटालिया डो नोर्टे भी जाने वाले थे लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे। संगठन ने लापता लोगों की तलाश के लिए दो दलों का गठन किया है।

**रिपोर्ट**

- इन दोनों की जोड़ी की आखरी उपस्थित साओ राफेल पर पायी गयी थी। इन दोनों का रविवार सुबह यहां के स्थानीय नेता से मिलने कार्यक्रम था लेकिन वह नहीं पहुंचे

## इराक में पांच आईएस आतंकवादी मारे गए

### सोमवार देर रात एक अर्धसैनिक हाशद शाबी बल और आईएस के आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़

बगदाद, एजेंसी

इराक की राजधानी बगदाद के पास एक ग्रामीण इलाके में हुई मुठभेड़ में कट्टरपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के पांच आतंकवादी मारे गए। इराकी सरकारी समाचार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने बताया कि बगदाद से करीब 30 किलोमीटर उत्तर तरमियाह इलाके में सोमवार देर रात एक अर्धसैनिक हाशद शाबी बल और आईएस के आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। एजेंसी के अनुसार, पिछले महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने कट्टरपंथी उग्रवादियों के खिलाफ उनके बढ़ते




हमले को रोकने के लिए अभियान चलाए हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2017 के बाद से इराक में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन इसी बीच आतंकवादियों का जत्था ऊबड़-खाबड़ और रेगिस्तानी इलाकों से होकर शहरी इलाकों में अपनी धाक जमाने लग गए हैं। वे सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार हमला जारी रखे हुए हैं।

**चेतावनी** ईंधन को जमा ना करें और आवश्यक होने पर ही यात्रा करें

# श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में आगामी तीन सप्ताह तक मुश्किल : विक्रमसिंघे

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी तीन सप्ताह में देश में लोगों को ईंधन और गैस प्राप्त करने में मुश्किल होगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि ईंधन को जमा ना करें और आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। विक्रमसिंघे ने कहा, "ईंधन को लेकर आगामी तीन सप्ताह बेहद मुश्किल होने वाले हैं। यही वक्त है जब सभी को संभलकर ईंधन और गैस का इस्तेमाल करना है। अनावश्यक यात्रा ना करने का ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। इसलिए मैं सभी नागरिकों से इस अवधि के दौरान ईंधन और गैस की जमाखोरी के बारे में सोचने से बचने का आग्रह करता हूं।"

उन्होंने कहा, "इन कठिन तीन सप्ताह के बाद हम बिना किसी रूकावट के ईंधन और खाना उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। इसे सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पक्षों से बातचीत चल रही है। इन तीन मुश्किल सप्ताह के हम कोशिश करेंगे की ईंधन और गैस की समास्या समाप्त हो जाए। आओ इन मुश्किल तीन सप्ताह का एकजुट और धैर्य होकर सामना करें।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंकाई नागरिक प्रति माह 50 करोड़ डॉलर ईंधन पर खर्च करता है और वैश्विक संकट से आगे तेल की कीमतें और बढ़ने का जोखिम है। उन्होंने कहा," कुछ लोगों का अनुमान है कि इस साल के अंत तक वैश्विक तेल की कीमतों में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी। इस संदर्भ में, ईंधन के लिए कूपन प्रणाली शुरू करने के विचार से इंकार नहीं किया जा सकता है। किसी तरह हमें अगले छह महीनों के लिए 330 करोड़ डॉलर मूल्य का ईंधन खोजना होगा।"

### गैस के आयात के लिए बहुपक्षीय सहायता, स्थानीय मुद्रा और भारत से मिले ऋण का इस्तेमाल कर रहे हैं

प्रधानमंत्री ने कहा,"गैस को आयात करने में चार करोड़ डॉलर की आवश्यकता पड़ती है। वर्तमान में हम गैस के आयात के लिए बहुपक्षीय सहायता, स्थानीय मुद्रा और भारत से मिले ऋण का इस्तेमाल कर रहे हैं। हमें आगामी छह महीनों में 25 करोड़ डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी।" प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र नौ जून को



श्रीलंका के लिए मानवीय मदद करने के लिए दुनिया से अपील करेगा। गौरतलब है कि श्रीलंका एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट की चपेट में आ गया है जिससे ईंधन, भोजन और दवाओं की व्यापक कमी हो गई है। इसने बदले में सरकार विरोधी प्रदर्शनों को तेज कर दिया है।

## कनाडा के अनुदान ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की दी मंजूरी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका मंत्रिमंडल ने कनाडा के 10 सरकारी और गैर सरकारी संगठन के साथ देश में शिक्षा, रोजगार और सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करने के लिए एक स्वैच्छिक सहयोग कार्यक्रम चलाने के उद्देश्य से कनाडा के वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सर्विस के संग 27 लाख साठ हजार कैनेडियन डॉलर अनुदान के साथ दोबारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी है। ज्ञापन के अनुसार इस कार्यक्रम को 2015 से 2020 के बीच लागू किया गया है लेकिन श्रीलंका में कोरोना महामारी से यात्रा पर लगे प्रतिबंधों के कारण पिछले दो वर्ष से इस कार्यक्रम को लागू नहीं किया गया है।

## रुस-यूक्रेन-संरा की बैठक की मेजबानी करेगा तुर्की

अंकारा, एजेंसी

यूक्रेन के खाद्यानों के जहाजों को काला सागर में अनब्लॉक करने पर विचार के लिए तुर्की, रुस , यूक्रेन और संयुक्त राष्ट्र (संरा) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक इस सप्ताह इंस्ताबुल में होगी।

तुर्की के ब्रॉडकॉस्टर टीआरटी हैबर ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन ने रुस पर अनाज की आपूर्ति में बाधा डालने का आरोप लगाया लेकिन बाद में कहा कि काला सागर में यूक्रेन के माइंस लगाने के कारण जहाज बंदरगाह नहीं छोड़ पा रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अनाज निर्यात फिर से शुरु करने के लिए एक रोडमेप प्रणाली बनायी है जो 80-90 प्रतिशत तैयार है।

रिपोर्ट के अनुसार बैठक का दिन रुस के जवाब मिलने के बाद तय होगा। तुर्की और यूक्रेन ने उनके भाग लेने की पुष्टि की है। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि अगर रूस के साथ अनुबंध होगा तो रोडमैप जल्द ही लागू होगा।

**बैठक**

- प्रतिनिधिमंडल की बैठक इस सप्ताह इंस्ताबुल में होगी





# करें योग, रहें निरोग

## त्रिकोणासन के अभ्यास से शरीर को होते हैं 10 फायदे

**करें** योग, रहें निरोग इन लाइन से आप भलीभांति वाकिफ होंगे। इसका अर्थ है, नियमित योग करने से आप बीमारियों से दूर रह सकते हैं। प्राचीन काल से ही योग का अभ्यास किया जा रहा है। खासतौर पर भारत में योग का विशेष महत्व है। धीरे-धीरे इसका प्रचार-प्रसार दुनियाभर में हो रहा है। योग के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस विशेष मौके पर पाठकों के लिए एक खास सीरीज लेकर आया है, जिसमें आपको प्रसिद्ध योग गुरु ग्रैंड मास्टर अक्षर से रोजाना 1 योगासन के बारे में विस्तार से बताएंगे। आज इस सीरीज में हम त्रिकोणासन के बारे में जानेंगे। त्रिकोणासन एक ऐसा योग है, जिसका नियमित रूप से अभ्यास करने से व्यक्ति लंबी आयु और रोग मुक्त शरीर प्राप्त कर सकता है।

**त्रिकोणासन के फायदेः**

1. कमर दर्द से दिलाए राहतः त्रिकोणासन के नियमित अभ्यास से आप कमर दर्द की परेशानी को दूर कर सकते हैं। इस योग के अभ्यास से शरीर को लचीला बनाया जा सकता है। साथ ही यह योग कमर दर्द से राहत देने में असरदार हो सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ त्रिकोणासन करने से कमर दर्द को कम नहीं किया जा सकता है।

2. तनाव और चिंता करे कमः त्रिकोणासन योग नियमित रूप से करने से आप स्ट्रेस और चिंता विकृति को कम कर सकते हैं। दरअसल, यह योग आपकी नींद में सुधार करके आपके मूड को बेहतर कर सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित होता है। ऐसे में इस योग के नियमित अभ्यास से आप चिंता और तनाव को कम कर सकते हैं।

3. पाचन क्रिया करे दुरुस्तःपाचन क्रिया को दुरुस्त करने के लिए त्रिकोणासान लाभकारी होता है। दरअसल, यह योग आपके शरीर में जरूरी पोषक तत्वों को अवशोषित करता है, जिससे आपके शरीर को एनर्जी मिलती है। नियमित रूप से इस आसन को करने से पाचन को दुरुस्त करने में मदद मिलती है। साथ ही यह डाइजेस्टिव ग्लैंड को फायदा पहुंचाने में असरदार होती है। मजबूत पाचन के लिए आप इस आसन का नियत्रित रूप से अभ्यास कर सकते हैं।

4. मांसपेशियों को करे मजबूतः त्रिकोणासन का नियमित अभ्यास करने से आप अपनी मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं। इस योग से आपकी मांसपेशियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह आसन आपके कूल्हों और जांघ की जकड़न को कम कर सकता है। साथ ही इस आसन से आपकी बॉडी पोस्चर सही हो सकती है। त्रिकोणासन आपके ट्रंक और थाई मसल्स के लिए काफी अच्छा फिजिकल थेरेपी हो सकता है।

5. स्किन को करे साफः नियमित रूप से त्रिकोणासन का अभ्यास करने से स्किन संबंधी परेशानी दूर हो सकती है। यह आसन आपकी स्किन पर बार-बार होने वाले दानों और पिंपल्स की परेशानी को कम कर सकता है। साथ ही यह आपकी स्किन पर निखार लाने में असरदार होता है।

6. हाइट बढ़ाएः त्रिकोणासन का अभ्यास करने से हाइट बढ़ाया जा सकता है। खासतौर बढ़ती उम्र के बच्चों को इस आसन का नियमित अभ्यास करने की सलाह देनी चाहिए।

7. फेफड़ों को करे मजबूतः फेफड़ों की मजबूती के लिए त्रिकोणासन लाभकारी होता है। दरअसल, इस योग के अभ्यास में अधिक से अधिक ऑक्सीजन लिया जाता है, जिसमें लंग्स की भी एक्सरसाइज होती है। ऐसे में यह आपके फेफड़ों की मजबूती के बढ़ाता है।

8. शरीर को बनाए एनर्जेटिकः त्रिकोणासन का नियत्रित रूप से अभ्यास करने से आपका शरीर एनर्जेटिक रहता है। यह शरीर में ऊर्जा प्रदान करता है। साथ ही दिनभर होने वाली थकान को कम कर सकता है।

9. डायबिटीज करे कंट्रोलः डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए त्रिकोणासन काफी असरदार योग है। इस योग के नियमित अभ्यास से टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अगर आपको डायबिटीज की परेशानी है, तो त्रिकोणासन का नियमित रूप से अभ्यास करें।

10. वजन करे कमः शरीर के बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए त्रिकोणासन का अभ्यास किया जा सकता है। यह पेट की चर्बी और कमर की चर्बी को कम करने में असरदार होता है।



### त्रिकोणासन करने का तरीका

इस आसन को करने के लिए योग मैट पर खड़े हो जाएं। इस दौरान अपने पैरों के बीच दो फीट की दूरी बनाएं। साथ ही अपने हाथों को शरीर से सटाकर रखें। इसके बाद बांहों को शरीर से दूर कंधे तक फैलाएं। अब सांस को अंदर की ओर खींचते हुए दाएं हाथ को ऊपर उठाकर कान के पास लाएं। इसके साथ ही बाएं पैर को बाहर की ओर मोड़ें। अब अपनी सांस को बाहर की ओर छोड़ते हुए कमर को बाईं ओर झुकाएं। ध्यान रखें कि इस दौरान अपने घुटनों को न मोड़ें। साथ ही अपने दाएं हाथ को कान से सटाकर रखें। इसके बाद दाएं हाथ को जमीन के समानांतर लाने की कोशिश करें। साथ ही बाएं हाथ से बाएं एंकल को छूने की कोशिश करें। इस मुद्रा में करीब 30 सेकंड तक रहें। अब सांस लेते हुए अपनी प्रारंभिक अवस्था में वापस आ जाएं। पूरे दिन में कम से कम 4 से 5 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

त्रिकोणासन योग से जुड़ी सावधानियां

त्रिकोणासन योग से शरीर को कई फायदे हो सकते हैं। लेकिन इस योग को करने के दौरान कुछ विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए।

ब्लड प्रेशर रोगियों को त्रिकोणासन नहीं करना चाहिए।

अगर आपको कमर दर्द और स्लिप डिस्क की परेशानी है, तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इसका अभ्यास करें।

पीठ दर्द होने पर इस योग का अभ्यास करने से बचें।

हाइपर एसिडिटी की परेशानी होने पर इस योग का अभ्यास करने से बचें।

सायटिका की परेशानी होने पर इस योग का अभ्यास करने से बचें।

त्रिकोणासन योग शरीर के लिए काफी फायदेमंद होती है। इस योग के नियमित अभ्यास से कमर दर्द, मोटापा, कमर की फैट कम हो सकती है। हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आपको पहले से किसी तरह की परेशानी है, तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इसका अभ्यास करें।

# बच्चों के लिए चीकू फायदेमंद

**आप** अपने बच्चे को चीकू को मिल्क शेक, स्मूदी, कस्टर्ड या आइसक्रीम के रूप में खिला सकते हैं। इससे बच्चे को चीकू के पौष्टिक तत्व मिल जाएंगे। बच्चा शौक से इसे खाना भी पसंद करेगा। अगर आपके बच्चे को कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की राय पर ही उसे चीकू खाने को दें।



**हेल्दी** रहने के लिए हमेशा मौसमी फलों को खाने की सलाह देते हैं। इस समय तरबूज, खरबूजा, आम, लीची और चीकू मार्केट में अधिक देखने को मिलता है। ये सभी फल बड़ों के साथ ही बच्चों के लिए भी फायदेमंद होते हैं, क्योंकि इनमें पोषक तत्व भरपूर होते हैं। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं बच्चों के लिए चीकू खाने के फायदों के बारे में। चीकू को बच्चों के लिए सुपरफूड माना जाता है। आप बच्चों को चीकू छीलकर, बीज निकालकर खिला सकते हैं। इससे बच्चों को पर्याप्त पोषक तत्व मिलेंगे। बच्चों की कई स्वास्थ्य समस्याओं में भी सुधार होगा।

क्या बच्चों को चीकू खिलाया जा सकता है?

कई पेरेंट्स के मन में सवाल होता है कि बच्चों को चीकू खाने को दिया जाना चाहिए या नहीं? अगर आपका बच्चा 6 महीने से अधिक उम्र का है, तो उसे चीकू खाने को दिया जा सकता है। चीकू में फ्रुक्टोज और सुक्रोज जैसी प्राकृतिक चीनी होती है, जो इसके स्वाद को मीठा बनाती है। छोटे बच्चों को नाश्ते में चीकू फल खिलाया जा सकता है।

अपने बच्चे को चीकू खिलाते समय पर पहले इसके छिलके और बीजों को हटा लें। फिर इसके बारीक मैश कर लें। फिर बच्चे को खिलाएं। इससे बच्चे को चीकू ठोस नहीं लगेगा और वह आसानी से खा लेगा।

बच्चों को चीकू खिलाने के फायदे

1. पचाने में आसान

चीकू पचने में आसान होता है। बच्चे भी इस फल को आसानी से पचा सकते हैं। यह स्वाद में मीठा होता है। इसमें फ्रुक्टोज होता है, जिससे बच्चे को तुरंत एनर्जी मिलती है। इसलिए आप अपने बच्चे को सुबह नाश्ते में चीकू खाने को दे सकते हैं। इससे बच्चा पूरे दिनभर एनर्जेटिक बना रहेगा।

2. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर चीकूः चीकू में विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन ई अच्छी मात्रा में होता है। ये सभी एंटीऑक्सीडेंट्स बच्चे की प्रतिरक्षा को सुधारने में मदद करते हैं। साथ ही शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से भी बचाते हैं। एंटीऑक्सीडेंट संक्रमण और कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में शरीर की मदद करते हैं।

3. खांसी और जुकाम से बचाए चीकू

बच्चों की इम्युनिटी काफी कमजोर होती है, ऐसे में वे जल्दी से बीमार हो जाते हैं। उन्हें बार-बार खांसी और जुकाम से परेशान होना पड़ता है। ऐसे में आप चाहें तो चीकू का सेवन कर सकते हैं। चीकू में विटामिन सी अधिक मात्रा में होता है। जो बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है।

4. बच्चों को एनर्जी दे चीकू

चीकू में कैल्शियम, आयरन, कॉपर, मैग्नीशियम और जिंक काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है। साथ ही इसमें नैचुरल शुगर भी होता है। इससे बच्चे को तुरंत एनर्जी मिलती है। बच्चे को ऊर्जा और शक्ति मिलती है।

5. कब्ज में फायदेमंद चीकूः छोटे बच्चों को अकसर ही कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ता है। कब्ज होने पर बच्चों को मल त्याग करने में परेशानी आती है, उनके पेट में दर्द होता है। ऐसे में चीकू फायदेमंद हो सकता है। चीकू खाने से बच्चों को कब्ज से छुटकारा मिलता है। चीकू में फाइबर अधिक होता है, जो मल त्याग को आसान बनाता है और इससे राहत दिलाता है।

# बालों को मजबूत बनाएंगे ये योग आसन



**आज** के इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप योग के जरिए कैसे अपने बालों को मजबूत और घना बना सकते हैं। ऐसे कई योगासन हैं जो न सिर्फ आपके बालों की लंबा और घना करने में मददगार साबित होते हैं, बल्कि इनको नियमित तौर पर करने से बालों के झड़ना, बीच में से टूटना जैसी प्रॉब्लम से भी छुटकारा मिल सकता है।

अधोमुख श्वानासनः सूर्य नमस्कार के दौरान किए जाने वाले 12 आसन में अधोमुख श्वानासन भी शामिल है। इस आसन को करने से बालों के स्कैल्प तक सीधा ऑक्सीजन पहुंचता है। स्कैल्प तक ऑक्सीजन पहुंचाने के कारण यह टूटते हुए बालों पर रोक लगाने में मददगार साबित होता है।

अधोमुख श्वानासन करने का तरीकाः योग के इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर खड़े हो जाएं।

अब घुटने और हथेली का इस्तेमाल करते हुए खड़े हो जाएं। इस दौरान ध्यान रहे कि आपको कंधों को बिल्कुल सीधा रखना है।

अब पैरों को बिल्कुल सीधा रखते हुए कूल्हों को ऊपर की ओर ले जाएं।

ध्यान रहे कि कूल्हे ऊपर ले जाते वक्त आपकी एड़ियां जमीन पर टिकी रहें।

अब पीठ सीधी करें। पीठ को सीधा करने के लिए हथेलियों को जमीन में दबाएं।

इस मुद्रा में 5 से 10 सेकंड तक रहें।

आप इस मुद्रा को 15 से 20 या 30 बार दोहरा सकते हैं।

अधोमुख श्वानासन करते वक्त सावधानियां

अगर आपकी पीठ, कंधे या कमर में किसी भी तरह की परेशानियां हैं तो अधोमुख श्वानासन को करते वक्त बहुत ध्यान दें।

जिन लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित किसी तरह की परेशानी है उन्हें यह योगासन नहीं करना चाहिए।

गर्भवती महिलाओं को अधोमुख श्वानासन करने से बचना चाहिए।

जिन महिलाओं को पीरियड्स हो रहे हों या पीरियड्स में किसी तरह की परेशानी हो तो उन्हें भी यह आसान करने से बचना चाहिए।

अगर आप कार्पल टनल सिंड्रोम जैसी बीमारी से ग्रसित हैं तो इस योगासन को बिना योग गुरु से सलाह लिए न करें।

# चेहरे पर हैं कील-मुहांसे?

## केमिकल वाले फेस वॉश की जगह किचन की इन चीजों से करें चेहरे की सफाई

**कैमिकल** बेस्ड स्किन प्रोडक्ट्स एक्ने के आम कारण माने जाते हैं। कील-मुहांसे, एक्ने या पिंपल्स न सिर्फ चेहरे की खूबसूरती को खराब करते हैं, बल्कि कॉन्फिडेंस को भी कम कर देते हैं। ऐसे में महिला हो या पुरूष, सभी एक्ने से छुटकारा पाने के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट्स यूज करने लगते हैं। लेकिन एक्ने फ्री स्किन के लिए चेहरे की अंदर से सफाई करना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए आप चाहें तो कुछ नैचुरल क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

नैचुरल क्लींजर से कैमिकल फ्री होता है, साथ ही इसमें तेज फ्रेगनेंस भी नहीं होती है। इससे त्वचा की अंदर से सफाई होती है, साथ ही चेहरे पर जमा गंदगी, धूल-मिट्टी भी आसानी से निकल जाती है। आप चाहें तो इन नैचुरल क्लींजर के यूज से चेहरे के एक्ने, कील-मुहांसों से छुटकारा पा सकते हैं।

तो चलिए विस्तार से जानते हैं एक्ने होने पर कौन-से नैचुरल क्लींजर का यूज करना फायदेमंद हो सकता है।

● 1. एलोवेराः

चेहरे की क्लींजिंग करने के लिए आप एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा में एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो एक्ने से छुटकारा दिलाते हैं। इसके लिए आप एक फ्रेश एलोवेरा पल्प लें, इससे अपने चेहरे की मालिश करें। एलोवेरा चेहरे की अंदरुनी सफाई करता है, चेहरे पर जमा सारी गंदगी को आसानी से निकालने में मदद करता है। आप चाहें तो मार्केट में मौजूद एलोवेरा जेल का भी इस्तेमाल (सवम अमतं बसमंदेमत वित बिम) कर सकते हैं।

एलोवेरा क्लींजर से चेहरे की अच्छी तरह से सफाई होगी, साथ ही त्वचा मॉयश्चराइज भी बनेगी। चेहरे के कील-मुहांसों से छुटकारा मिलेगा।

● 2. बेसनः त्वचा की समस्याओं को दूर करने के लिए सदियों से बेसन का उपयोग किया जाता रहा है। इसके लिए आप एक चम्मच बेसन, चुटकीभर हल्दी लें। इसे गुलाब जल से साथ मिलाएं और चेहरे की हल्के हाथों से मालिश करें। बेसन चेहरे की गदंगी को निकालता है, त्वचा को फ्रेश बनाता है।

बेसन में एक्सफोलिएटिंग गुण होते हैं, तो त्वचा के लिए अच्छे होते हैं। बेसन स्किन से एक्सट्रा ऑयल को निकालता है, बैक्टीरिया से लड़ने में भी मदद करता है। अगर आपके चेहरे पर एक्ने हैं, तो बेसन इससे छुटकारा दिला सकता है।

● 3. सेब का सिरकाः

सेब का सिरका सेहत के साथ ही त्वचा के लिए भी लाभकारी होता है। सेब का सिरका त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करता है, साथ ही एक्सट्रा सीबम को भी अवशोषित करता है। इससे चेहरे की त्वचा साफ और हेल्दी बनी रहती है। साथ ही डेड स्किन सेल्स से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप एक टेबलस्पून सेब का सिरका लें, इसमें 3 टेबलस्पून पानी मिला लें। अब कॉटन बॉल की मदद से चेहरे पर लगाएं। कुछ देर बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें, इससे चेहरे की अच्छे से सफाई होगी। सारी गंदगी और धूल-मिट्टी आसानी से निकल जाएगी।

● 4. खीरा और टमाटरः

खीरा और टमाटर त्वचा के लिए काफी अच्छे से काम करता है। एक्ने वाली स्किन से गदंगी निकालने के लिए आप खीरा और टमाटर का यूज कर सकते हैं। इसके लिए आप खीरे को कद्दूकस कर लें। इसमें टमाटर का रस मिला लें। इन दोनों को चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद धो लें। इससे त्वचा की गदंगी निकल जाएगी, साथ ही त्वचा की सफाई अच्छे से होती है।

● 5. गुलाब जलः गुलाब जल एक बेस्ट क्लींजर के तौर पर काम करता है। गुलाब जल सभी स्किन टाइप के लोगों के लिए फायदेमंद होता है। इसके लिए आप गुलाब जल लें, इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें। गुलाब जल त्वचा को कोमल बनाता है, त्वचा की अशुद्धियों को दूर करने में मदद करता है। गुलाब जल त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। गुलाब जल से चेहरे को ठंडक मिलती है, एक्ने की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।



**संक्षिप्त**

## यूएस ओपन वर्ल्ड बैडमिंटन हुआ रद

**कुआला लंपुर, एजेंसी।** यूएस ओपन वर्ल्ड टूर सुपर 300 टूर्नामेंट को कोरोना वायरस से उठी 'संगठनात्मक पेचीदगियों' के कारण रद्द कर दिया गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह टूर्नामेंट इस साल 4-9 अक्टूबर के बीच होने वाला था। बीडब्ल्यूएफ ने यहां एक बयान जारी कर कहा, "कोविड-19 से उबरते हुए उठी संगठनात्मक पेचीदगियों के कारण यूएसए बैडमिंटन ने फैसला किया है कि इस साल वह अपना टूर्नामेंट आयोजित नहीं कर सकेंगे। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 7-12 जून के दौरान होने वाले इंडोनेशिया मार्स्टर्स सुपर 500 के साथ इस सप्ताह जकार्ता में फिर से शुरू हुआ है।

## एड़ी में चोट के बाद इंग्लैंड दौरे से बाहर हुए डी ग्रैंडहोम

**लंदन, एजेंसी।** न्यूज़ीलैंड के ऑल-राउंडर कॉलिन डी ग्रैंडहोम एड़ी की मांसपेशी फटने के कारण इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। हेनरी निकोल्स के कवर के रूप में बुलाये गये माइकल ब्रेसवेल को डी ग्रैंडहोम की जगह टीम में शामिल किया गया है। लॉड्र्स टेस्ट के तीसरे दिन के दूसरे सत्र में गेंदबाज़ी करते हुए डी ग्रैंडहोम की एड़ी में चोट आई थी, जिसके बाद वह टेस्ट मैच से बाहर हो गये थे। अब एमआरआई स्कैन में सामने आया है कि उनकी एड़ी की मांसपेशी फट गयी है। न्यूज़ीलैंड के हेड कोच गैरी स्टेड ने कहा है कि डी ग्रैंडहोम को ठीक होने में 10-12 हफ्ते का समय लगेगा। स्टेड ने कहा, "डी ग्रैंडहोम हमारी टेस्ट टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सीरीज़ के शुरुआती हिस्से में उन्हें चोट लगना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें उनकी कमी महसूस होगी।"न्यूज़ीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 10 जून से ट्रेंट ब्रिज में खेलना है।

## हॉकी का 5एस फॉर्मेट पसंद आया: रहील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहला एफआईएच हॉकी 5एस खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के युवा फॉर्वर्ड मोहम्मद रहील ने मंगलवार को कहा कि उन्हें हॉकी के छोटे फॉर्मेट में खेलना बहुत पसंद आया। पांच मैचों में 10 गोल करने वाले 25 वर्षीय रहील को टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा गोल करने के लिये प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। टूर्नामेंट में भारत के अटैक की अगुवाई करने वाले रहील ने कहा, "सबसे पहले, भारत के लिये खेलना बहुत अच्छा एहसास है। मैं खुश हूं कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका। यह बेहतरीन अनुभव था और मैंने खेल के इस फॉर्मेट को बहुत पसंद किया। राउंड-रॉबिन स्टेज में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। भारत ने टूर्नामेंट की शुरुआत 4-3 की जीत के साथ की और पहले दिन के दूसरे मैच में पाकिस्तान के साथ 2-2 का ड्रॉ खेला। इसके बाद रविवार को भारत ने मलेशिया और पोलैंड को क्रमशः 7-3 और 6-2 से हराया।

# 2023 विश्व कप से बाहर हो सकता है पाक

### श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका पर भी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा




**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में होने वाले 2023 वनडे विश्व कप से पाकिस्तान की टीम बाहर हो सकती है। पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका पर भी इस टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। आईसीसी के नियम के अनुसार क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग में शुरुआती सात स्थान पर रहने वाली टीम और टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाली टीम सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। वहीं, बाकी पांच टीमों को एसोसिएट देशों के साथ क्वालीफाइंग राउंड खेलना होगा और यहां की शुरुआती दो टीमें विश्व कप में जगह बनाएंगी।

आईसीसी की वनडे विश्व कप सुपर लीग में कुल 13 टीमें शामिल हैं। आईसीसी के 12 टेस्ट खेलने वाले देशों के अलावा नीदरलैंड की टीम इसका हिस्सा है। नीदरलैंड ने क्रिकेट सुपर लीग 2015-17 जीतकर इस लीग में जगह बनाई है। अब इन 13 टीमों में से भारत और सुपर लीग की शुरुआती सात टीमें सीधे विश्व कप में जगह बनाएंगी। वहीं, बाकी पांच टीमों को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**इन टीमों को हो सकती है परेशानी:** मौजूदा समय में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरुआती सात टीमों में शामिल नहीं हैं।

अगर आने वाले मैचों में ये टीमें अच्छा प्रदर्शन नहीं करती हैं तो इन्हें एसोसिएट देशों के साथ क्वालीफाइंग राउंड खेलना पड़ सकता है। जहां से शीर्ष दो टीमों को विश्व कप में जगह मिलेगी।

### क्या है सुपर लीग की स्थिति

सुपर लीग में बांग्लादेश की टीम पहले और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान तीसरे और वेस्टइंडीज चौथे स्थान पर है। पांचवें स्थान पर भारत और छठे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है। इन सभी टीमों का सीधे विश्व कप में क्वालीफाई करना लगभग तय है। वहीं, नौवें नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड और दसवें नंबर पर मौजूद पाकिस्तान को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। 11वें नंबर पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका भी परेशानी में है।

## जीएमआर यूएई टी20 लीग के लिए बनायेगा 'टीम दुबई'

**दुबई, एजेंसी।** आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर स्पोर्ट्स ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली इंटरनेशनल टी20 लीग की 'टीम दुबई' बनाने की मंगलवार को घोषणा की। क्रिकेट, कबड्डी और खो-खो में हाथ आज़मा चुके जीएमआर स्पोर्ट्स ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। जीएमआर स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया, जीएमआर समूह छह जनवरी 2023 से 12 फरवरी 2023 के दौरान यूएई में होने वाली इंटरनेशनल टी20 लीग में टीम दुबई बनाने की घोषणा कर गौरवान्वित है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे की आमदनी सरकार को दान करेगा श्रीलंका




**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने फैसला किया है कि अपने देश को आर्थिक संकट से निकालने में मदद करने के लिये वह ऑस्ट्रेलिया दौरे की टिकट बिक्री से होने वाली आमदनी सरकार को दान देगा। एसएलसी के सचिव मोहन डि सिलवा ने यह जानकारी दी।

श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन राणासिंघे की अपील के बाद कार्यकारी समिति ने यह फैसला लिया। डि सिल्वा ने कहा, "ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि यह दौरा हमारे देश के लिये न सिर्फ क्रिकेट के मोर्चे पर, बल्कि इस दौरान होने वाले विदेशी मुद्रा राजस्व के कारण आर्थिक मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण है। एसएलसी ने निर्णय लिया है कि वह पूरी आमदनी को लोगों के हित के लिये दान करेगा।"

52 दिवसीय घरेलू दौरे पर आस्ट्रेलिया की मेजबानी करके श्रीलंका 25 लाख डॉलर कमाएगा। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच मंगलवार को यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## ढाई साल बाद दिल्ली में होगा अंतरराष्ट्रीय मैच, फैन्स में टिकट खरीदने की होड़

**मुकाबला**

- आईपीएल में जब भी ये दोनों टीमें भिड़ी हैं, हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौ जून से टी-20 सीरीज की शुरुआत होगी। इसके लिए दोनों ही टीमें तैयारी में जुट गई हैं। पहला मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी क्षमता 35 हजार दर्शकों की है। वहीं, मैच के लिए 94 फीसद टिकटों की बिक्री हो चुकी है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौ जून से टी-20 सीरीज की शुरुआत होगी। इसके लिए दोनों ही टीमें तैयारी में जुट गई हैं। पहला मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी क्षमता 35 हजार दर्शकों की है। वहीं, मैच के लिए 94 फीसद टिकटों की बिक्री हो चुकी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौ जून से टी-20 सीरीज की शुरुआत होगी। इसके लिए दोनों ही टीमें तैयारी में जुट गई हैं। पहला मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी क्षमता 35 हजार दर्शकों की है। वहीं, मैच के लिए 94 फीसद टिकटों की बिक्री हो चुकी है।




### टीम इंडिया की कमान केएल राहुल के हाथों में, कई खिलाड़ियों को आराम दिया गया

मनचंदा ने कहा कि हमारे स्टाफ की लगातार जांच की जा रही है। हम फैन्स से भी अपील करते हैं कि वह कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखें और अपना भी ध्यान रखें। भारतीय टीम 16 मार्च के बाद पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। टीम इंडिया की कमान केएल राहुल के हाथों में है। रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

## भारत से शुरू होगा ओलंपियाड का मशाल रिले, तैयारी शुरू

**मेजबानी**

- भारत शतरंज के इतिहास में लगभग 100 वर्षों में पहली बार मेजबानी करेगा

**चेन्नई, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड से प्रत्येक ओलंपियाड में मशाल रिले को शामिल किया जाएगा। फिडे ने कहा कि ओलंपिक-शैली की परंपरा के अनुसार, मशाल रिले हमेशा शतरंज की जन्मभूमि भारत से शुरू होगी। इसके बाद मशाल मेजबान शहर तक पहुंचने से पहले सभी महाद्वीपों में यात्रा करेगी।

बयान में कहा गया कि समय की कमी के कारण, इस साल शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले केवल भारत में ही चलेगी।

फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, "यह पहल शतरंज के खेल को लोकप्रिय बनाने और दुनिया भर में प्रशंसकों के समर्थन को बढ़ाने में मदद करेगी। ओलंपिक खेलों की परंपरा के अनुरूप, ओलंपियाड के अगले संस्करण से मशाल सभी महाद्वीपों में फिडे के सदस्य देशों का दौरा करते हुए अंततः शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन से पहले मेजबान देश और शहर पहुंचेगी।"

शतरंज ओलंपियाड का आगामी संस्करण 28 जुलाई से 10 अगस्त तक महाबलीपुरम में होने वाला है। इस ऐतिहासिक आयोजन को पहले ही 187 देशों की ओपन और महिला वर्गों में रिकॉर्ड 343 टीमें मिल चुकी हैं।

भारत शतरंज के इतिहास में लगभग 100 वर्षों में पहली बार ओलंपियाड की मेजबानी करेगा। ओलंपियाड के निदेशक भरत सिंह चौहान ने कहा, "ओलंपिक के लिए जो महत्व एथेंस का है वही भारत का शतरंज समुदाय के लिए होगा। शतरंज ओलंपियाड को भारत लाना हमारा सपना था और अब इस घोषणा से हमें न केवल खुशी बल्कि अत्यधिक गर्व भी महसूस हो रहा है। हम जल्द ही सरकार, फिडे और अन्य हितधारकों से परामर्श के बाद मार्ग और तिथियों की घोषणा करेंगे।

# क्या सचिन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे जो रूट

**आंकड़े**

- 9 साल 156 दिन में बना दिए 10 हजार रन, 118 मैच बाद सचिन से बेहतर रूट के आंकड़े

**अहमदाबाद, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में शतक लगाकर जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम समय में 10,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। 2012 में अपने डेब्यू के बाद से रूट ने ये आंकड़ा छूने में मात्र 9 साल 156 दिनों का वक्त लिया। उन्होंने अपने ही देश के एलिस्टर कुक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्हें 10,000 रनों का आंकड़ा छूने में करियर के 10 साल 87 दिन लगे थे।

हालांकि, मजेदार बात ये है कि दस हजार रनों तक पहुंचते वक्त कुक और रूट की उम्र एकदम बराबर थी। दोनों ने 31 साल 157 दिन की उम्र में ये आंकड़ा छुआ। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने 31 साल



326 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे किए थे। इस रिकॉर्ड के बाद ये चर्चा तेज हो गई है कि क्या जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा रनों के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। सचिन ने अपने टेस्ट करियर में 53.79 के औसत से 15,921 रन बनाए हैं।

करियर के शुरुआती 10 सालों में रिकॉर्ड सचिन से बेहतर: दोनों के करियर के शुरुआती 10 साल में रूट का रिकॉर्ड सचिन से बेहतर है। शुरुआती 10 सालों में सचिन ने 73 टेस्ट मैचों में 56.71 के औसत से 5841 रन बनाए थे। वहीं, रूट शुरुआती 10 सालों में 118 मैचों में 49.58 के औसत से 10,015 रन बना चुके हैं। पिछले पांच सालों में रूट के बल्ले से 47 के औसत से 5,421 रन निकले हैं। अभी रूट 31 साल के हैं। सचिन ने अपना आखिरी टेस्ट 40 साल से ज्यादा की उम्र में खेला था। अगर रूट भी इतने लंबे समय तक खेल पाते हैं तो संभावना है कि वे न सिर्फ सचिन का रिकॉर्ड तोड़ देंगे बल्कि उनसे काफी आगे भी निकल जाएंगे। सचिन ने अपने करियर के आखिरी 9 सालों में 90 मैचों में 6,957 रन बनाए और उनका औसत 51.52 का रहा।

रूट अगर लंबे समय तक खेलते हैं और अगले 90 मैचों में इस तरह का प्रदर्शन दोहरा देते हैं तो वे आसानी से सचिन से आगे निकल जाएंगे।

### इंग्लैंड खेलता है इंडिया से ज्यादा टेस्ट मैच

इंग्लैंड हर साल इंडिया की तुलना में काफी ज्यादा टेस्ट मैच खेलता है। ऐसे में रूट के पास सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने के काफी ज्यादा मौके होंगे। अपने करियर के शुरुआती 10 सालों में रूट और सचिन की तुलना की जाए तो रूट ने सचिन से 45 टेस्ट मैच ज्यादा खेल लिए हैं। पिछले 10 सालों में इंग्लैंड ने 126 टेस्ट मुकाबले खेले हैं और पिछले पांच सालों में 66 मुकाबले। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के आने के बाद हर साल टेस्ट सीरीज ज्यादा होने लगी हैं।

## एशियन चैंपियनशिप से पहले विवाद: साइक्लिस्ट ने फॉरेन कोच पर लगाए बदसलूकी के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की साइक्लिस्ट मयूरी ल्युट ने चीफ कोच आरके शर्मा पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। उसके बाद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने तुरंत एक्शन लेते हुए कैंप से वापस बुला लिया है। वह खिलाड़ी स्लोवेनिया में तैयारी कर रही थी। SAI ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि हमें खिलाड़ी की ओर से एक शिकायती पत्र मिला है।

इस पत्र में खिलाड़ी ने अपने फॉरेन कोच पर बदसलूकी के आरोप लगाए हैं। इस मामले में हमने तुरंत एक्शन लेते हुए खिलाड़ी को स्वदेश बुला लिया है। इस कोच की नियुक्ति साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की सिफारिश पर की गई थी। बता दें कि यह विवाद एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप से ठीक पहले खड़ा हुआ है। भारत इसी महीने एशियन चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। यह प्रतियोगिता 14 जून से दिल्ली में आयोजित होनी है।

**जांच के लिए कमेटी गठित:** SAI ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी भी गठित कर दी है। SAI के अलावा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी जांच के लिए अलग कमेटी बनाई है। फेडरेशन ने बयान जारी कर कहा है कि हम खिलाड़ी के साथ हैं और जांच में SAI द्वारा गठित कमेटी का सहयोग करेंगे।



फॉरेन एक्सपोजर कैंप में तैयारी कर रही थी खिलाड़ी

साइक्लिंग की खिलाड़ी स्लोवेनिया में फॉरन एक्सपोजर कैंप में एशिया कप की तैयारी कर रही थी।

खेल मंत्रालय और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत अलग-अलग खेल से जुड़े एथलीट को इस तरह के प्रोग्राम में जाने का मौका मिलता है। इसके तहत एथलीट अलग-अलग तकनीक, माहौल और तरीके से रुबरु होते हैं।

**जलवा** | **20 साल पहले उमरान की तरह दिखता था बॉन्ड की रफ्तार का जलवा**

# पुलिस की नौकरी छोड़ क्रिकेटर बने थे शेन बॉन्ड

**शुरुआत**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड 47 साल के हो चुके हैं। अपनी रफ्तार से दुनिया भर में कहर मचाने वाले बॉन्ड के क्रिकेटर बनने की कहानी काफी दिलचस्प है। वो अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना करियर शुरू करने से पहले पुलिस अफसर थे। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और पहले मैच में ही स्टीव वॉ, मैथ्यू हेडन और जस्टिन लैंगर जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को आउट कर यह बता दिया था कि आने वाले समय में वो अपनी गेंदों से कहर मचाने वाले हैं।




मौजूदा समय में भारत के उमरान मलिक अपनी रफ्तार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन शेन बॉन्ड लगभग 20 साल पहले ही लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे। उन्होंने भारतीय टीम के अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और 19 रन देकर छह विकेट लिए थे। **2001 में शुरू हुआ था अंतरराष्ट्रीय करियर:** शेन बॉन्ड का जन्म सात जून 1975 को क्राइस्टचर्च में हुआ था। शुरुआत में उन्होंने क्रिकेटर बनने के बारे में नहीं सोचा था। साल 1999-2000 में उन्होंने पुलिस की ट्रेनिंग की और क्राइस्टचर्च पुलिस में अफसर बन गए। इसके बाद 2001 में उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए पहला मैच खेला। पहले मैच में ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ने के बाद बॉन्ड ने अपनी रफ्तार से जमकर कहर बरपाया।पहले वनडे मैच में ही उन्होंने मार्क वॉ, रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ को पवेलियन भेजा। 2005 में उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत के खिलाफ नौ ओवर में 19 रन देकर छह विकेट लिए। इससे पहले 2003 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 रन देकर छह विकेट लिए थे।

साल 2007 में बॉन्ड ने लगातार तीन गेंदों पर एंड्रयू साइमंड्स, कैमरून व्हाइट और नाथन ब्रेकन को आउट करके अपने करियर की पहली हैट्रिक भी ली।

### चोट की वजह से परेशान रहे बॉन्ड

शेन बॉन्ड अपने पूरे करियर में चोट से परेशान रहे। इसी वजह से वो ज्यादा मैच नहीं खेल पाए। न्यूजीलैंड के लिए 18 टेस्ट में उन्होंने 87 विकेट झटके। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51 रन देकर छह विकेट रहा। 82 वनडे मैच में उनके नाम 147 विकेट हैं। वहीं 20 टी20 मैच में उन्होंने 25 विकेट लिए। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बॉन्ड ने कोचिंग की जिम्मेदारी ली। मौजूदा समय में वो आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच हैं।

## धोनी के पदचिन्हों पर चलना चाहते हैं ड्वेन

**विश्वास**

- प्रिटोरियस को विश्वास होने लगा है कि वह मैदान पर कुछ भी कर सकते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एमएस धोनी की बदौलत ड्वेन प्रिटोरियस को विश्वास होने लगा है कि वह क्रिकेट के मैदान पर कुछ भी कर सकते हैं। इस सीज़न में धोनी के साथ समय गुज़ारने के बाद प्रिटोरियस को लक्ष्य का सफल पीछा करने के लिए ज़रूरी शांत स्वभाव और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ है।

भारत के ख़िलाफ़ नौ जून को शुरु होने वाली टी20 सीरीज़ से पहले प्रिटोरियस ने कहा, ₹मैंने उनसे जो सबसे बड़ी बात सीखी है, वह है कि वह क्रीज़ पर कितने शांत हैं और खुद से दबाव हटाकर गेंदबाज़ पर डालने की कितनी कोशिश करते हैं। उन्होंने मुझे महसूस कराया है कि डेथ ओवर्स के समय बल्लेबाज़ अधिक दबाव में नहीं होता है, जबकि वास्तव में




गेंदबाज़ अधिक दबाव में होता है। उन्होंने आगे कहा, एक गेंदबाज़ के रूप में, आप तब भी मैच हार सकते हैं यदि आपको अंतिम तीन गेंदों पर 18 रन का बचाव करना है और एक बल्लेबाज़ के रूप में आप इसे जीत सकते हैं। यह मेरे लिए एक नई मानसिकता थी। वह ज़्यादा उत्तेजित नहीं होते। वह बहुत आशावादी हैं, उन्हें विश्वास है कि वह कुछ भी कर सकते हैं।

प्रिटोरियस और धोनी के बीच सबसे यादगार साझेदारी 21 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ डीवाई पाटिल स्टेडियम में 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हुई। जब प्रिटोरियस जब बल्लेबाज़ी करने आए तब चेन्नई को जीत के लिए 26 गेंदों में 50 रनों की दरकार थी। बुमराह ने उनका यॉर्कर के साथ स्वागत किया लेकिन अगले दो मौक़ों पर प्रिटोरियस ने चौका जड़ दिया।

प्रिटोरियस जब पवेलियन लौटे तब चेन्नई को जीत के लिए पांच गेंदों में 17 रन चाहिए थे और धोनी ने इस मैच को चेन्नई के नाम कर दिया। इस मुक़ाबले में प्रिटोरियस ने देखा कि धोनी गेम को कैसे अंत तक लेकर जाते हैं। ख़ुद प्रिटोरियस का मानना है कि वह भी ज़रूरत पड़ने पर इस भूमिका को निभा सकते हैं।






# जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा संग रिश्ते पर लगाई मुहर

बॉलीवुड की 'दबंग' गर्ल सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल काफी समय से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में चल रहे थे । मगर हमेशा ही दोनों सितारों ने इन खबरों का खंडन किया। लेकिन कहते हैं न प्यार छुपाये नहीं छिपता और अब इस प्यार पर मुहर लगाई है खुद अभिनेता जहीर इकबाल ने। जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा के जन्मदिन के ठीक 4 दिन बाद अभिनेता ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियोज और तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'हैप्पी बर्थडे सोनाज... शुक्रिया मुझे न मारने के लिए... आई लव यू... आपको ढेर सारा खाना, फ्लाइट्स, लव और खुशियां मिले...। '

वहीं अभिनेता के इस वीडियो पर सोनाक्षी ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा ,थैंक्यू, लव यू!' जहीर के इस पोस्ट से साफ़ जाहिर है कि सोनाक्षी और जहीर प्यार में हैं ।जहीर का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और फैंस इसपर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसके साथ ही कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंध कर हमेशा के लिए एक हो सकते हैं। हालांकि इसपर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार हाल ही दोनों को फिल्ममेकर दिनेश विजान की बहन की रिसेप्शन पार्टी में साथ में देखा गया था। इस पार्टी में दोनों ने एक कपल की तरह साथ में एंट्री की थी। वहीं दोनों के वर्कफ़्रंट की बात करें तो दोनों जल्द ही फिल्म डबल एक्सल में एकसाथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे।

# अक्षय कुमार ने साइन कर ली एक और बायोपिक फिल्म?



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म श्सम्राट पृथ्वीराजश बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। फिल्म का बिजनेस उम्मीद से काफी कम रहा है और इसी बीच अक्षय कुमार के एक और बायोपिक फिल्म साइन करने की खबर सामने आ रही है। एयरलिफ्ट, रुस्तम, पैडमैन और गोल्ड जैसी कई बायोपिक फिल्में कर चुके अक्षय कुमार अब जल्द ही सी. शंकरन नायर की जिंदगी पर आधारित बायोपिक फिल्म में नजर आ सकते हैं।

अक्षय कुमार की एक और बायोपिक फिल्मः खबर है कि करण जौहर इस फिल्म को बना रहे हैं और उनकी टीम ने इस फिल्म पर ग्राउंड वर्क शुरू कर दिया है। मिड डे की एक खबर के मुताबिक अक्षय कुमार और अनन्या पांडे को इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया है। फिल्म में अक्षय कुमार दिवंगत लॉयर-एक्टिविस्ट का किरदार निभाते नजर आएंगे जबकि अनन्या पांडे एक जूनियर लॉयर का किरदार निभाएंगी। हालांकि अभी अनन्या पांडे को इस फिल्म के लिए सहमति देना बाकी है लेकिन खबरों की मानें तो उन्हें इस फिल्म के लिए मेकर्स की तरफ फाइनल कर लिया गया है। अगर बात बनती है तो अक्षय कुमार और अनन्या पांडे पहली बार साथ में काम करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन करण करण सिंह त्यागी करेंगे। अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज की बात करें तो ये फिल्म चंदबरदाई द्वारा लिखे गए काव्य पृथ्वीराज रासो पर आधारित थी। फिल्म की कहानी से लेकर इसमें अक्षय कुमार की कास्टिंग तक पर सवाल उठाए गए और ट्रेलर की रिलीज के साथ ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह ट्रोल हो गई थी।

फोटोशूट



# उर्वशी को भारी पड़ा 45 लाख का गाउन पहनना

उर्वशी रौतेला जब भी किसी इवेंट में जाती हैं तो अपने आउटफिट से अपनी छाप छोड़ देती है। हाल ही में उन्होंने आईफा अवॉर्ड्स में शिरकत की और इस दौरान उन्होंने जो गाउन पहना था, उसकी वजह से उनके शरीर पर कई जगह निशान पड़ गए हैं और जिससे एक्ट्रेस परेशान हो गई है।



# जॉनी डेप ने एम्बर हर्ड केस की जीत के बाद रेस्टोरेंट में की पार्टी

हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप हाल ही में एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि का केस जीत गए। इतना ही नहीं इस जीत के बाद जॉनी ने दोस्तों के साथ जीत का जश्न मनाते हुए करी डिनर किया और इसमें उन्होंने 48.1 लाख रुपये खर्च किए। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार शाम इंग्लैंड के बर्मिंघम में जश्न मनाने का आयोजन किया गया था। 58 साल के डेप ने वाराणसी रेस्टोरेंट के भारतीय खाने, कॉकटेल और गुलाब शैम्पेन को एंजॉय किया। बता दें कि वाराणसी रेस्टोरेंट बर्मिंघम का सबसे बड़ा भारतीय रेस्टोरेंट कहा जाता है। दरअसल उनकी सिक्योरिटी टीम ने पहले चेक किया था कि ऐसी जगह वे सेलिब्रेट करेंगे जहां 400 लोग आ पाएंगे। वे चाहते थे कि ऐसी जगह में जॉनी की प्राइवेसी का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

रेस्टोरेंट के मैनेजर ने क्या कहाः वाराणसी के रेस्टोरेंट के डायरेक्टर ने कहा कि हमें रविवार को फोन आया था जिसमें बताया गया कि जॉनी डेप हमारे यहां कुछ लोगों के साथ खाने आएंगे। उन्होंने आगे कहा, श्मैं शुरू में तो पहले शॉक था। मुझे लगा कि ये कोई मजाक कर रहा है। लेकिन फिर उनकी सिक्योरिटी टीम आए और उन्होंने रेस्टोरेंट को चेक किया। हमने फिर उन्हें पूरी जगह दे दी ताकि वे आराम से डिनर कर पाएं।

काफी खुश थे जॉनीः जॉनी डेप वहां लगभग 3 घंटे तक रहे और वहां वह मैनेजर के परिवार और दोस्तों से मिले और इसके बाद वह वहां से चले गए। मैनेजर ने कहा कि जॉनी इस दौरान काफी खुश थे और उन्होंने सभी से अच्छे से बात की।

क्या हुआ था जॉनी और एम्बर के बीचः जॉनी और एम्बर की बात करें तो दोनों साल 2009 में फिल्म द रम डायरी के दौरान मिले और फिर दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे। साल 2015 में दोनों की शादी हो गई। लेकिन दोनों की शादी ज्यादा दिन नहीं चल पाई और दोनों अलग हो गए। इसके बाद साल 2016 में एम्बर ने तलाक की अर्जी दायर की। उन्होंने जॉनी पर आरोप लगाया कि एक्टर ने उनका शारीरिक शोषण किया है। डेप ने आरोपों से इनकार किया। साल 2017 में दोनों का तलाक हो गया। जॉनी ने फिर एम्बर पर मानहानि का केस दर्ज किया। जब साल 2018 में एम्बर ने बिना जॉनी का नाम लिए ये कहा कि वह घरेलू हिंसा का शिकार हुई हैं।



# पूजा एंटरटेनमेंट की तीसरी फिल्म में काम करेंगे टाइगर

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ फिल्मकार बासु भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली तीसरी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। वासु भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट ने टाइगर श्राफ को 'गणपत' और 'बड़े मियां छोटे मियां' के अलावा दो फिल्मों के लिए साइन किया है।पूजा एंटरटेनमेंट के एक और प्रोजेक्ट में काम करने के लिए टाइगर श्रॉफ ने हां कर दी है। इस तरह से वह इस बैनर के तले तीसरी फिल्म करने वाले हैं। टाइगर श्रॉफ तीसरे और इस नए प्रोजेक्ट में लक्ष्य राज आनंद के निर्देशन में काम करेंगे।टाइगर श्रॉफ की इस एक्शन थ्रिलर में काफी एक्शन सीन होंगे और इसे यूके में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। 'लक्ष्य राज्य आनंद इस समय फिल्म की स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और अगस्त 2022 में प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू करेंगे। टाइगर श्रॉफ 'रेम्बो' के हिंदी रीमेक को खत्म करने के बाद इस फिल्म की शूटिंग करेंगे। लक्ष्य राज आनंद की यह फिल्म साल के आखिरी तक शुरू होने की उम्मीद है। इस फिल्म के पूरा होने के बाद टाइगर श्रॉफ 'बड़े मियां छोटे मिंया' पर फोकस करेंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार भी नजर आएंगे।

**टाइगर श्रॉफ की इस एक्शन थ्रिलर में काफी एक्शन सीन होंगे और इसे यूके में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा**

## सोशल मीडिया से...

# अनन्या पांडे ने पुष्पा के गाने 'सामी-सामी' पर किया डांस

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने सुपरहिट दक्षिण भारतीय फिल्म पुष्पा के गाने 'सामी-सामी' पर जबरदस्त डांस किया है।फिल्म पुष्पा का गाना सामी-सामी सुपरहिट हुआ था।रश्मिका मंदाना के इस गाने ने धमाल मचाया था।अब इस गाने पर अनन्या पांडे ने भी जबरदस्त डांस किया है।आईफा 2022 के दौरान अनन्या पांडे ने इस गाने पर डांस किय।अनन्या पांडे का यह डांस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है।अनन्या पांडे का डांस देखने के बाद रश्मिका मंदाना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।रश्मिका ने अनन्या पांडे के इस वीडियो पर तुरंत कमेंट किया।उन्होंने इस वीडियो पर रिएक्ट करते हुये 'क्यूटेस्ट' लिखा है।

# एक्टर से मदद की गुहार

## घरेलू हिंसा की शिकार महिला ने मांगी वरुण धवन से मदद, एक्टर बोले-बेहद गंभीर मामला है

धवन की एक फीमेल फैन ने हाल ही में उन्हें ट्विटर पर टैग कर मदद मांगी है। गुजरात की रहने वाली महिला ने ट्विट करते हुए लिखा की वो और उसकी मां कई सालों से घरेलू हिंसा का शिकार हो रहे हैं। लड़की ने अपने पिता पर मारपीट करने और शराब पीने का आरोप लगाया है। जिस पर वरुण ने रिएक्ट करते हुए इसे बेहद गंभीर मामला बताया है।

**फीमेल फैन ने मांगी वरुण से मददः** वरुण को टैग करते हुए महिला ने लिखा, सर, मेरे पिता मेरे और मां के साथ मारपीट करते हैं और गालियां भी देते हैं। उन्होंने हमें कई दिनों से खाना तक नहीं खाने दिया है। साथ ही उसने बताया कि उसके पिता रोज शराब पीते हैं और फिर मारपीट करते हैं। ऐसा कई सालों से चलता आ रहा है। उसने कई और ट्विट्स में कहा कि पुलिस में शिकायत करने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। उसके पिता को कुछ ही घंटो में लॉक अप से छोड़ दिया गया।

**वरुण ने किया हेल्प करने का वादाः** इस ट्विट पर रिप्लाई करते हुए वरुण ने उस महिला को हेल्प करने का तसल्ली दी है। एक्टर ने रिप्लाई किया, श्यह बेहद ही गंभीर मामला है और अगर ऐसा सच है तो मैं आपकी जरूर मदद करुंगा। वहां के पुलिस अधिकारियों से भी बात करुंगा।

**वरुण धवन के अपकमिंग प्रोजेक्ट्सः**वरुण धवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर की अपकमिंग फिल्म 'जुगजुग जियो' 24 जून को रिलीज होगी। फिल्म में वरुण के अलावा कियारा आडवाणी, अनिल कपूर, नीतू कपूर, मनीष पॉल और प्राजक्ता कोहली भी लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन राज मेहता ने किया है। इसके अलावा वरुण, जाह्नवी कपूर के साथ 'बवाल' फिल्म में नजर आएंगे।

